



# ALIVE NEWS
अलाईव न्यूज़

Any Enquiry Cont. : 0129-4070270

खबर वही, जो जिंदा रहे!





Vol. 13 Issue No. 15 Faridabad (NCR) | Sunday, 1-15 September 2024 | Rate : 5 /- | RNI No. : HARBIL/2012/45536 | Postal Registration No. L-2/HR/FBD/296/24-26 | Page : 8

# हम कहां पिछड़ रहे हैं, इसकी चर्चा होना जरूरी



**अलवर (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने स्वयं सेवकों को परिवार और समाज से जुड़े 5 सूत्र बताए। उन्होंने कहा- हम कहां पिछड़ रहे हैं, इसके बारे में चर्चा करने की जरूरत है। गरीब के साथ जुड़ाव रखें, उनको घर पर लेकर आएं और उनके घर पर भी जाएं। संघ प्रमुख मोहन भागवत पांच दिन से अलवर प्रवास पर हैं। रविवार को वे सुबह 6.30 बजे इंदिरा गांधी स्टेडियम पहुंचे, यहां स्वयं सेवकों को संबोधित किया। स्वयं सेवक डॉ. राजकुमार गुर्जर ने भागवत के संबोधन को साझा किया। भागवत ने कहा- हम सभी को परिवार के सदस्यों के बीच बैठकर बातचीत करते रहना चाहिए। शाम को खाना खाते समय एक साथ बैठे, ताकि

- **आरएसएस प्रमुख बोले-समाज में समरसता होनी चाहिए, हर वर्ग को साथ लेकर चलना चाहिए**

सभी के मन की बात पता रहे। अपने गांव-ढाणी के गरीब परिवारों को आगे बढ़ाने की सोच रखनी चाहिए। गरीब के घर भी जाना चाहिए। गरीब को भी अपने घर बुलाना चाहिए। समाज में समरसता का माहौल रहना चाहिए। हर तबके को साथ लेकर चलना चाहिए। उन्होंने कहा- घर में क्या हो रहा है और क्या होना चाहिए, इस पर परिवार में एक-दूसरे के विचार जरूरी हैं। दूसरा हम समाज के लिए क्या कर रहे हैं, इस पर विचार करने की जरूरत है। जिस राज्य में आप रहते हैं, उसकी वेशभूषा और खान-पान का पता रहना चाहिए। एक जगह शाखा लगाए, जिसमें हमें एक-दूसरे का पता रहना चाहिए। हम कहां पिछड़ रहे हैं, इसके बारे में चर्चा करने की जरूरत है।

## संक्षिप्त समाचार

### अनिल विज ने हरियाणा सीएम की कुर्सी पर ठोका दावा

- बोले-मैं सीनियर हूं, बीजेपी ने नायब सैनी को चेहरा बनाया, इन्हीं की वजह से मंत्रिपद छोड़ा था

**अंबाला (एजेंसी)।** हरियाणा के पूर्व गृहमंत्री और अंबाला कैंट से भाजपा उम्मीदवार अनिल विज ने मुख्यमंत्री पद पर दावा ठोक दिया है। रविवार को अनिल विज ने अंबाला कैंट में प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाकर विधायक और मंत्री रहते हुए खुद के द्वारा करवाए गए काम गिनवाए। इसके बाद विज ने कहा, सारे हरियाणा से लोग आ रहे



हैं। मैं जहां-जहां गया, लोग कह रहे हैं कि आप सीनियर हो, सीएम क्यों नहीं बने। मैं उन लोगों की मांग पर अपनी सीनियोरिटी के दम पर मुख्यमंत्री बनने का दावा पेश करूंगा। पार्टी बनाती है या नहीं, यह उनका फैसला है। विज ने आगे कहा- मैंने आज तक कोई पद नहीं मांगा, लेकिन आज दावा पेश कर रहा हूं। अगर पार्टी ने मुझे सीएम बना दिया तो मैं हरियाणा की तकदीर बदल दूंगा, तस्वीर बदल दूंगा। गौरतलब है कि इसी साल हुए लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी ने नायब सैनी को हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाया था।

### आरएएस-आरपीएस में पैसे लेकर दी गई नौकरियां

**किरोड़ी लाल मीणा बोले**

- आरपीएससी के 3 पूर्व चेयरमैन के खिलाफ मैं सबूत दूंगा

**जयपुर (एजेंसी)।** बीजेपी के वरिष्ठ नेता किरोड़ी लाल मीणा अपना इस्तीफा देने के कारण राजस्थान में चर्चा में है। इधर, पेपर लीक मामले में मोर्चा खोल चुके किरोड़ी लाल मीणा ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने तीन पूर्व आरपीएससी अध्यक्षों पर भ्रष्टाचार को लेकर बड़ा गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उनके पास इसके सबूत है, जो वह एसओजी को जल्द सौपेंगे। उनका आरोप है कि इन लोगों ने आरएएस, आरपीएस और दूसरी कई



नौकरियां में पैसे लेकर नौकरियां दी है। इसको लेकर किरोड़ी लाल मीणा ने एक डिजिटल मीडिया नेटवर्क को इंटरव्यू देकर इसका खुलासा किया। इस दौरान किरोड़ी लाल मीणा ने वसुंधरा राजे के पीतल के लौंग के बयान को भी सही बताया और उनका समर्थन किया। पेपर लीक प्रकरण के मामले में किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि ऐसे पांच आरपीएससी के मेंबर है। इनमें से तीन पूर्व अध्यक्षों के नाम तो मेरे पास है, जिनके खिलाफ मेरे पास सबूत हैं। मीणा ने कहा कि आने वाले दिनों में इन सबूतों को मैं एसओजी को सौंपने वाला हूं। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने राजनीतिक दबाव में पैसे लेकर अयोग्य लोगों को नौकरियां दे दी।

# पीएम मोदी ने जमशेदपुर में फूंका चुनावी बिगुल

**बोले-जेएमएम, आरजेडी और कांग्रेस, झारखंड के सबसे बड़े दुश्मन**



**रांची (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रांची पहुंच गए है, लेकिन मौसम खराब होने की वजह से जमशेदपुर के लिए उड़ान भरने में परेशानी हुई, जिसके कारण रांची एयरपोर्ट से ही प्रधानमंत्री ने 6 वंदे भारत एक्सप्रेस के ऑनलाइन उद्घाटन के साथ ही करोड़ों रुपये की योजनाओं की सौगात दी। प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी करीब 140 किलोमीटर की दूरी तय कर सड़क मार्ग से होकर रांची से जमशेदपुर पहुंचे। उन्होंने कहा कि मौसम खराब होने के कारण हेलीकॉप्टर उड़ नहीं सकता था। इस कारण सड़क मार्ग से रांची से जमशेदपुर पहुंचे। रास्ते में बारिश के रूप में आशीर्वाद मिला। रास्ते भर में लोगों ने भींग कर स्वागत किया, लोगों का प्यार और आशीर्वाद जीवन की बड़ी पूंजी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड में उत्पाद सिपाही भर्ती को लेकर दौड़ में शामिल कई अभ्यर्थियों की मौत पर चिंता जताई। उन्होंने कहा- 'मैं वादा करता हूं... झारखंड में कुछ महीनों के बाद जब बीजेपी की सरकार बनेगी, एनडीए की सरकार बनेगी तो इन सारे मामलों की जांच करवाई जाएगी।'

**झारखंड के तीन सबसे बड़े दुश्मन-जेएमएम, आरजेडी और कांग्रेस-** प्रधानमंत्री ने कहा- 'आकांक्षी जिला योजना के जरिए झारखंड के पिछड़े जिलों के विकास की चिंता पहली बार किसने की, भाजपा की सरकार ने। भगवान बिरसा मुंडा की जन्मजयंती पर जनजातीय गौरव दिवस की शुरुआत किसने की, भाजपा की सरकार ने।

- **जेएमएम के लोग बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के साथ खड़े-** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- 'जेएमएम के लोग बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के साथ खड़े हैं। ये घुसपैठिए और कट्टरपंथी श्रडड को भी अपने कब्जे में लेते जा रहे हैं। इनके लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा के भीतर भी घुस गए हैं। पीएम मोदी ने कहा- 'जानते हैं ऐसा क्यों हुआ। क्योंकि जेएमएम में कांग्रेस का भूत घुस गया है। जब किसी पार्टी में कांग्रेस का भूत घुस जाता है, तो तुष्टिकरण ही उस दल का इकलौता एजेंडा बन जाता है। इसके लिए सबसे पहले ये लोग दलित, आदिवासी और पिछड़ा समाज के हितों की बलि चढ़ाते हैं। यही हाल जेएमएम का भी हो रहा है।
- **मोदी बोले-देश की सबसे बेईमान और महाभ्रष्ट पार्टी है कांग्रेस-** इस देश की सबसे बेईमान और महाभ्रष्ट पार्टी एक ही है- कांग्रेस पार्टी। इस देश का सबसे भ्रष्ट परिवार एक ही है- कांग्रेस का परिवार।'

### दो दिन बाद दिल्ली के सीएम पद से इस्तीफा देंगे केजरीवाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तिहाड़ जेल से जमानत पर बाहर आने पर पहली बार दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कार्यकर्ताओं को




संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने ऐलान किया कि वो दो दिन सीएम की कुर्सी छोड़ देंगे। सीएम केजरीवाल के इस ऐलान पर बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यह अरविंद केजरीवाल का पीआर स्टंट है। उन्हें समझ आ गया है कि दिल्ली की जनता के बीच उनकी छवि एक ईमानदार नेता की नहीं बल्कि एक भ्रष्ट नेता की है, आज एएपी पूरे देश में एक भ्रष्ट पार्टी के रूप में जानी जाती है।

# 3 मंजिला मकान गिरा, परिवार के 10 लोगों की मौत

**मेरठ में 16 घंटे से रेस्क्यू जारी, स्निफर डॉग से तलाश**
**मृतकों में 6 बच्चे भी, एक पिलर पर टिकी थी बिल्डिंग**



**मेरठ (एजेंसी)।** यूपी के मेरठ में शनिवार शाम हुए हादसे में अब तक 10 की मौत हो गई। मरने वालों में 6 बच्चे भी शामिल हैं। 5 लोगों को रेस्क्यू कर हॉस्पिटल भेजा गया है। 16 घंटे से लगातार रेस्क्यू जारी है। अभी मलबे में किसी के दबे होने की जानकारी नहीं है, लेकिन एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम ऑपरेशन में लगी है। टीम स्निफर डॉग्स की मदद से मलबे को हटाकर देख रही है कि कोई और तो नहीं दबा है। हादसा शनिवार शाम 5.15 बजे लोहिया नगर थाना क्षेत्र के जाकिर कॉलोनी में हुआ था। 3 मंजिला घर ढह गया था। इसमें एक ही परिवार के 15 लोग दब गए थे। शुरुआती जांच में सामने आया कि तीन मंजिला बिल्डिंग 50 साल पुरानी थी। सिंगल पिलर पर खड़ी थी। पिलर कमजोर होने की वजह से हादसा हुआ। घर में 63 साल की नफीसा अपने 4 बेटों के परिवार के साथ रहती थीं।

## ईरान ने अंतरिक्ष में लॉन्च की मिसाइल, भड़का अमरीका



**60 किग्रा की सैटेलाइट स्पेस में पहुंचाई, खुशी की लहर**

**तेहरान (एजेंसी)।** ईरान ने देश के अर्धसैनिक बल 'रिवॉल्यूशनरी गार्ड' की ओर से बनाए गए रॉकेट से शनिवार को एक सैटेलाइट लॉन्च किया। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। पश्चिमी देशों को आशंका है कि इससे ईरान को अपने बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम पर आगे बढ़ने में मदद मिल सकती है। ईरान ने बताया कि रॉकेट के जरिए उपग्रह को कक्षा में स्थापित करने वाला यह उसका दूसरा लॉन्च है। वैज्ञानिकों ने बाद में प्रक्षेपण की पुष्टि की तथा बताया कि उपग्रह कक्षा में पहुंच गया है। ईरानी मीडिया की ओर से बाद में साझा किए गए वीडियो में नजर आ रहा है कि एक मोबाइल लांचर की मदद से रॉकेट लॉन्च किया गया।

# महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले महायुति में फूट!



**जेपी नड्डा की सलाह भाजपा निभाए बड़े भाई की भूमिका**

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले महायुति के भीतर कलह की खबरें सामने आ रही हैं। इन्हीं अंदरूनी कलह और खामियों को दूर करने के लिए बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने महाराष्ट्र भाजपा इकाई को सलाह दी है। साथ ही गठबंधन सहयोगियों की चिताओं का समाधान करने के लिए भी कहा है। ताकि आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति को एकजुट और मजबूत रखा जा सके। पार्टी के वरिष्ठ नेता के मुताबिक, जेपी नड्डा ने महाराष्ट्र भाजपा से यहां तक कहा कि उसे बड़े भाई की भूमिका निभानी चाहिए। नड्डा शनिवार को मुंबई पहुंचे थे। यहां उन्होंने लालबागचा राजा गणेश के दर्शन किए। उन्होंने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के वर्षा स्थित आवास और बाद में मालाबार हिल्स में उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के सागर स्थित आवास पर जाकर चल रहे 10वें गणपति उत्सव में पूजा-अर्चना की। उन्होंने मुंबई भाजपा प्रमुख आशीष शेलार द्वारा आयोजित बांद्रा पश्चिम में सार्वजनिक गणेश के दर्शन भी किए। उत्सव के अलावा नड्डा ने फडणवीस के आवास पर राज्य भाजपा कोर कमेटी के सदस्यों के साथ बातचीत की। नाम न बताने की शर्त पर पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि नड्डा ने विधानसभा चुनावों की चुनौतियों और तैयारियों के बारे में बात की। पार्टी नेता ने बताया कि नड्डा ने उनसे महायुति (भाजपा, शिवसेना और एनसीपी का तीन-दलीय गठबंधन) को मजबूत करने के लिए एक टीम के रूप में काम करने की अपील की। विधानसभा चुनाव से पहले महायुति के भीतर चल रही कलह के बीच सूत्रों ने बताया कि नड्डा ने टीम वर्क की जरूरत पर जोर दिया।

## मस्क का स्पेस मिशन कामयाब चार एस्ट्रोनॉट धरती पर लौटे

**ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट की पानी में लैंडिंग; वापसी में 27000 किमी प्रति घंटे की स्पीड, 1900 डिग्री था तापमान**

**फ्लोरिडा (एजेंसी)।** स्पेसएक्स का पोलारिस डॉन क्रू 15 सितंबर को पृथ्वी पर वापस लौट गया। ड्रैगन स्पेसक्रॉफ्ट ने दोपहर 1.06 बजे फ्लोरिडा के ड्राई टोर्टुगास कोस्ट पर लैंडिंग की। पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करते समय स्पेसक्राफ्ट की रफ्तार 27,000 किमी प्रति घंटे थी। हवा से टकराने के कारण घर्षण पैदा हुई और तापमान 1,900 डिग्री



सेल्सियस तक पहुंच गया। इलॉन मस्क की कंपनी के फाल्कन-9 रॉकेट से पोलारिस डॉन मिशन को 10 सितंबर को लॉन्च किया गया था। 5 दिन के इस मिशन में 4 एस्ट्रोनॉट जिस ऑर्बिट (1,408.1 किमी) में गए थे, उसमें 50 साल से ज्यादा समय से कोई एस्ट्रोनॉट नहीं गया। किसी भी स्पेस मिशन का सबसे मुश्किल हिस्सा पृथ्वी पर लौटना होता है।

सुरक्षित रूप से घर पहुंचने के लिए, क्रू ड्रैगन कैप्सूल ने डी-ऑर्बिट बर्न शुरू किया। लगभग 27,000 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से स्पेसक्राफ्ट ने पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश किया। हवा से टकराने के कारण घर्षण पैदा हुई और तापमान 1,900 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। 4-मीटर चौड़े ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट के नीचे लगी हीटशील्ड एस्ट्रोनॉट्स को इस तापमान से सुरक्षित रखा। जैसे-जैसे स्पेसक्राफ्ट नीचे आया उसकी रफ्तार को धीमा किया गया।

## एलएसी पर नहीं है अब दुश्मन की खैर

- जोरावर की दहाड़ से थर्राएगा चीन, ऑटोमोटिव परीक्षण पूरा

**जोधपुर (एजेंसी)।** भारत ने चीनी सेनाओं के खिलाफ ऊंचाई वाले इलाकों में प्रभावी मुकाबला करने के लिए राजस्थान के जोधपुर में हल्के टैंक जोरावर का सफलतापूर्वक शुरुआती ऑटोमोटिव परीक्षण पूरा किया है। यह टैंक विशेष रूप से वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर लद्दाख जैसे दुर्गम क्षेत्रों में तैनाती के लिए तैयार किया जा रहा है, जहां चीन ने हल्के टैंकों की तैनाती की है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस टैंक ने असाधारण प्रदर्शन किया और रेगिस्तानी इलाकों में निर्धारित किए गए टास्क को कुशलतापूर्वक पूरा किया। डीआरडीओ और एलएंडटी डिफेंस ने मिलकर 25 टन वजन के हल्के टैंक को विकसित किया है, जिन्हें मुख्य रूप से त्वरित तैनाती के लिए तैयार किया गया है। पहले इस तरह के टैंकों को विकसित करने के लिए जर्मनी से बातचीत चल रही थी, लेकिन जर्मन कंपनी इंजन की आपूर्ति में समय पर प्रतिबद्ध नहीं हो सकी। इस देरी के कारण अमेरिकी कंपनियों से जुड़ने का निर्णय लिया गया और अमेरिकी कंपनी कमिंस के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया गया। भारतीय सेना के अनुसार, लद्दाख जैसे ऊंचाई वाले क्षेत्रों के लिए 350 से अधिक हल्के टैंकों की आवश्यकता है। इनमें से एलएंडटी-डीआरडीओ 59 टैंकों का निर्माण करेगी, जबकि बाकी टैंकों का उत्पादन अन्य भारतीय कंपनियों द्वारा बोली प्रक्रिया के बाद किया जाएगा।

## कोलकाता केस में संदीप घोष, एसएचओ गिरफ्तार

- **सबूतों से छेड़छाड़ का आरोप; प्रदर्शनकारी डॉक्टरों ने खुशी मनाई**

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता रेप-मर्डर केस मामले में शनिवार को सीबीआई ने पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और एक थाने के एसएचओ अभिजीत मंडल को गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों के मुताबिक, दोनों पर सबूतों से छेड़छाड़ का आरोप लगा है। अभिजीत मंडल ताला पुलिस स्टेशन में स्टेशन हाउस ऑफीसर के पद पर तैनात हैं। शनिवार देर रात उसे मेडिकल टेस्ट के लिए बीआर सिंह




अस्पताल लाया गया। इसके बाद सीबीआई उसे कोलकाता के स्पेशल क्राइम ब्रांच ले गई। संदीप घोष और अभिजीत मंडल की गिरफ्तारी के बाद स्वास्थ्य भवन के बाहर प्रर्दशन कर रहे डॉक्टरों ने खुशी मनाई। डॉक्टरों ने तालियां बजाकर और नारे लगाकर सीबीआई के इस कदम की सराहना की। आरजी कर मामले में अब तक तीन लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी संजय रॉय को कोलकाता पुलिस ने वारदात के दूसरे दिन गिरफ्तार किया था। वहीं, संदीप घोष को सीबीआई पहले ही आरजी कर मेडिकल कॉलेज में भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार कर चुकी है। सीबीआई ने उनका पॉलीग्राफ टेस्ट भी कराया था।

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@ gmail.com
website: www.alivenews.co.in




# बूझो करियर की अनजान राहों को

करियर को लेकर छात्रों के बीच काफी असमंजस की स्थिति रहती है। इस स्थिति की सबसे बड़ी वजह है–करियर की सही राह को चुनने की चुनौती। इस समय करियर के लिए पारंपरिक विषयों के अलावा सैकड़ों की तादाद में विकल्प उपलब्ध हैं, लेकिन जानकारी के अभाव या अपनी रुचि को न पहचान पाने के कारण बड़ी संख्या में छात्र मनमाफिक करियर नहीं चुन पाते हैं। छात्र ही



नहीं, अभिभावक भी बच्चों के लिए सही करियर तलाशने की प्रक्रिया में काफी तनावग्रस्त हो जाते हैं। उनकी दिनचर्या में यह तनाव बच्चे का दाखिला हो जाने तक कायम रहता है। यह एक सामान्य–सी स्थिति है और करीब 90 फीसदी छात्र और अभिभावकों को इस दौर से गुजरना पड़ता है। गलाकाट प्रतिस्पर्धा के इस युग में हर दिन कुछ अलग करियर और पेशेवर संभावनाएं जन्म ले रही हैं। ऐसे में यह समझने वाली बात है कि किसी करियर विकल्प की चमक ज्यादा समय तक बरकरार नहीं रहती। इसलिए यदि आप करियर के लिए उन पाठ्यक्रमों और विषयों को चुनते हैं, जिनमें आप अच्छे हैं, तो आप हमेशा ही अपने कार्यक्षेत्र में सफल होंगे।


## कैसे चुनें करियर

प्रत्येक करियर के लिए एक खास रुझान, रुचि और कुछ व्यक्तिगत गुणों की जरूरत होती है। वैज्ञानिक ढंग से इन जरूरतों की अपनी अभिरुचियों और हुनर से तुलना करके ही इस बात के प्रति आश्वस्त हुआ जा सकता है कि हम सही करियर चुनने की दिशा में बढ़ रहे हैं या नहीं। विषयों में आपकी मजबूती, क्षमता, रुचि और आकांक्षा आपको करियर के असीमित विकल्पों में से अपने लिए श्रेष्ठ को चुनने में मदद करती है। भावी जीवन में आपकी सफलता के लिए करियर प्लानिंग की यह प्रक्रिया काफी आवश्यक है।

## साइकोमीट्रिक असेसमेंट

करियर के चयन में यह बेहद मददगार विधि है, जिसे जब करियर के चुनाव के संदर्भ में इस्तेमाल किया जाता है, तो काफी हद तक ठोस और सटीक परिणाम मिलते हैं। इस विधि से परखे जा रहे छात्र का गहराई से मूल्यांकन हो पाता है। इससे संबंधित छात्र की रुचियों, बुद्धिमत्ता और व्यक्तित्व के बारे में अनुमान लगाना संभव होता है। साइकोमीट्रिक असेसमेंट से छात्र की काबिलियत और क्षमताओं की स्पष्ट तस्वीर सामने आ जाती है, जो उपयुक्त करियर के चयन में अहम होती है। छात्रों के नजरिए से इस विधि को देखें, तो यह उनके सामने उनकी इच्छाओं और हुनर की बानगी पेश करती है। इस असेसमेंट से अभिभावक अपने बच्चों के और छात्र स्वयं के हुनर की तुलना अपनी मनपसंद नौकरी/ पेशे के लिए जरूरी गुणों से कर सकते हैं। चूंकि नौकरी पाने के लिए एक पाठ्यक्रम विशेष की पढ़ाई करनी होती है और इसके लिए भी कुछ खास हुनर का होना जरूरी होता है।





# कॉमर्स से पा सकते हैं बेहतर करियर और रोजगार

**लोकप्रियता के मामले में यह छात्रों और अभिभावकों के बीच साइंस स्ट्रीम के बाद दूसरे स्थान पर है। अंडर ग्रेजुएट स्तर पर कॉमर्स एक प्रमुख विषय है। इसका संबंध मूल रूप से व्यापार की समझ, बाजार के उतार-चढ़ाव, अर्थव्यवस्था की जानकारी, मौद्रिक और औद्योगिक नीतियों आदि से है। विषय के स्तर पर कॉमर्स अकाउंटेंसी, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, फाइनेंस, इकोनॉमिक्स, मार्केटिंग और ई-कॉमर्स सहित कई अन्य विषयों का मिलाजुला विस्तृत क्षेत्र है। इसलिए इसमें पढ़ाईऔर रोजगार के लिए पर्याप्त विकल्प उपलब्ध हैं। हर विषय की तरह कॉमर्स और उससे संबंधित विषयों की पढ़ाई के लिए भी कुछ अभिरुचियों का होना जरूरी होता है। यहां कुछ प्रश्न दिए गए हैं, जिनका उत्तर देकर आप यह जान सकते हैं कि आपकी अभिरुचि कॉमर्स के लिए उपयुक्त है या नहीं।**

## इन प्रश्नों से जांचें अभिरुचि

- क्या आपके पास गणना की अच्छी क्षमता है?
- क्या आपमें विश्लेषणात्मक कौशल है?
- क्या आपके पास व्यापार का व्यावहारिक बोध है?
- क्या आप त्रुटिरहित और सटीक काम को सबसे ज्यादा महत्व देते हैं?
- क्या आप कार्यालय के माहौल का आनंद उठाते हैं?
- क्या आपमें गणनाएं करने के साथ आंकड़ों को समझाने का हुनर है?
- क्या आप बजट, व्यापार की खबरों और आर्थिक समीक्षाओं को पढ़ते हैं?
- क्या आप में प्रशासकीय और संगठन के रूप में काम करने की कुशलता है?

पूछे गए इन प्रश्नों में से अगर अधिकांश का जवाब आपके पास 'हां' है, तो समझिए आपके भीतर वह अभिरुचि है, जो कॉमर्स के क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए जरूरी है।

## कॉमर्स में उपलब्ध विषयों के विकल्प

**बिजनेस इकोनॉमिक्स** – इस विषय में लॉ ऑफ डिमांड एंड सप्लाई, लॉ ऑफ रिटर्न्सर, इलास्टिसिटी, थ्योरी ऑफ प्राइसिंग अंडर डिफरेंट मार्केट फॉर्म्स आदि से संबंधित कॉन्सेप्ट के बारे में पढ़ाया जाता है।

**कॉस्ट अकाउंटिंग** – इस विषय में जॉब एंड कॉन्ट्रैक्ट कॉस्टिंग, ओवरहेड्स कॉस्टिंग, स्टैंडर्ड एंड वेरिएंस कॉस्टिंग और बजटरी कंट्रोल से जुड़ी प्रक्रियाओं के बारे में प्रशिक्षित किया जाता है।

**ऑडिटिंग** – इस विषय में वैल्यूएशन, वाउचिंग ऑफ ट्रांजेक्शन, एसेट्स एंड लाइबिलिटी आदि से जुड़े मामलों के बारे में बताया जाता है। इसमें क्लब, हॉस्पिटल और चैरिटेबल संस्थानों जैसे संगठनों की ऑडिटिंग के बारे में भी सिखाया जाता है।

**फाइनेंशियल अकाउंटिंग**– यह विषय मुख्य रूप से प्रॉफिट एंड लॉस स्टेटमेंट, बैलेंस शीट, कंपनी अकाउंट, कैलकुलेशन ऑफ डेप्रिशिएशन एंड वैल्यूएशन ऑफ शेयर, गुडविल ऑफ कंपनी और नॉलेज ऑफ अकाउंटिंग स्टैंडर्ड (इंडिया/ इंटरनेशनल) आदि के बारे में जानकारी देता है।

**बिजनेस फाइनेंस** – इस विषय में फाइनेंशियल एनालिसिस और मैनेजमेंट ऑफ कैपिटल आदि व्यापारिक दुनिया की बुनियादी बातें समझायी जाती हैं। इसके अलावा लाभ के लिए पूंजी के बेहतर उपयोग की विधियों को समझने में भी यह विषय मदद करता है।

**इनकम टैक्स** – इस विषय के तहत इनकम टैक्स, टैक्स प्लानिंग, टैक्स डिडक्शन और नॉट टैक्सेबल इनकम आदि के बारे में नियमों व कर संबंधी कानूनों की जानकारी दी जाती है।

**बिजनेस लॉ** – व्यापार से संबंधित देश के अमूमन सभी कानून इस विषय के अध्ययन क्षेत्र में आते हैं। कंपनीज एक्ट और कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट आदि कानूनों को प्रमुख रूप से इस विषय में पढ़ाया जाता है।


**मार्केटिंग** – यह विषय प्रोडक्ट, प्राइसिंग मेथड, प्रोमोशन, डिस्ट्रिब्यूशन चैनल और लॉजिस्टिक्स आदि के बारे में बताता है।

**बिजनेस कम्यूनिकेशन** – यह विषय मुख्य रूप से व्यापार संबंधी संवाद कौशल को निखारने पर केंद्रित है। इस विषय के जरिए छात्रों को व्यापारिक कार्यों के लिए उपयोग में आने वाले बिजनेस लेटर, नोटिस और मेमो आदि को तैयार करने की कला सिखाई जाती है। मौखिक संवाद के बारे में भी यह विषय प्रशिक्षित करता है।

## रोजगार के लिए जरूरी कौशल

- आंकड़ों की गणना और उनके विश्लेषण में रुचि हो।
- संवाद का बेहतर कौशल हो।
- टीम के साथ काम करने और उसका नेतृत्व करने की क्षमता हो।
- संगठन संबंधी और प्रशासनिक क्षमताएं हों।
- तार्किक दृष्टि से चीजों को परखने का हुनर हो।
- सटीक और त्रुटिरहित काम करने में निपुणता हो।
- लंबी अवधि तक लगातार काम करने की क्षमता हो।
- अपने कार्य क्षेत्र से जुड़ी नई चीजों और नवीनतम तकनीकों को सीखने की जिज्ञासा हो।
- रचनात्मकता के साथ उच्च स्तर की बौद्धिक क्षमता हो।





# ह्यूमेनिटीज में भी भरपूर हैं रोजगार के अवसर


दसवीं और बारहवीं के स्तर पर साइंस और कॉमर्स के बाद छात्रों या अभिभावकों के सामने ह्यूमेनिटीज स्ट्रीम शेष रह जाती है। इस स्ट्रीम को हालांकि छात्र और अभिभावक अपनी प्राथमिकता में पहले या दूसरे स्थान पर नहीं रखते, लेकिन बदलते वक्त के साथ इस स्ट्रीम से जुड़ी संभावनाओं का आकाश भी काफी विस्तृत हो गया है। इस लेख के माध्यम से छात्रों को ह्यूमेनिटीज स्ट्रीम और उसमें निहित अवसरों को जानने–समझने में मदद मिलेगी। ह्यूमेनिटीज को कुछ वर्ष पहले तक एक ऐसे स्ट्रीम के रूप में देखा जाता था, जो या तो कम बुद्धिमान लोगों के लिए है या शिक्षक बनने की इच्छा रखने वालों के लिए। लेकिन मौजूदा वक्त में यह धारणा अप्रासंगिक हो चुकी है। अब ह्यूमेनिटीज की बदौलत ऊंचे पद, बड़ी उपलब्धियां और तरक्की पाई जा सकती है। शिक्षण के अलावा इसमें सैकड़ों तरह के रोजगार उपलब्ध हैं, जो रुचिकर होने के साथ–साथ अपनी कार्य–प्रकृति में विशिष्ट भी हैं। ह्यूमेनिटीज स्ट्रीम आपके सामने असीमित विकल्प रखती है। यकीन न हो, तो मानवीय गतिविधियों से जुड़े किसी भी क्षेत्र को देख लीजिए, आप हर क्षेत्र में ह्यूमेनिटीज के छात्रों को सफलता के साथ काम करता हुआ पाएंगे।

## क्या है ह्यूमेनिटीज

इस स्ट्रीम के अंतर्गत मुख्य रूप से मानव समाज और उसकी मान्यताओं का अध्ययन किया जाता है। इसके जरिए यह समझने का प्रयास किया जाता है कि लोग स्वयं को कैसे कला, धर्म, साहित्य, वास्तुकला और अन्य रचनात्मक कार्यों आदि के जरिए अभिव्यक्त करते हैं? इस कार्य के लिए इस स्ट्रीम के शोधार्थी एनालिटिकल और हाइपोथिटिकल मेथड का प्रयोग करते हैं। इस स्ट्रीम को मोटे तौर पर परफॉर्मिंग आर्ट्स (म्यूजिक), विजुअल आर्ट्स, रिलिजन, लॉ, एंसिएंट/ मॉडर्न लैंग्वेजेस, फिलॉस्फी, लिटरेचर, हिस्ट्री, जियोग्राफी, पॉलिटिकल साइंस, इकोनॉमिक्स, सोशियोलॉजी, साइकोलॉजी आदि विषयों में बांटा जाता है। ह्यूमेनिटीज में कुई ऐसे विषय हैं, जिनकी पढ़ाई के बाद लॉ, जर्नलिज्म, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, मीडिया एंड एडवर्टाइजिंग और कम्यूनिकेशन आदि प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों में पोस्ट ग्रेजुएशन किया जा सकता है। ह्यूमेनिटीज के आम जिंदगी में महत्व को इस बात से भी आंका जा सकता है कि अब आईआईटी जैसे प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थान भी ह्यूमेनिटीज और सोशल साइंसेज में पाठ्यक्रम संचालित कर रहे हैं। आईआईटी मद्रास बारहवीं पास छात्रों के लिए ह्यूमेनिटीज में पांच वर्षीय इंटिग्रेटेड एमए पाठ्यक्रम संचालित करता है। इस पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए यह संस्थान एचएसईई (ह्यूमेनिटीज एंड सोशल साइंसेज एंट्रेंस एग्जामिनेशन) नाम से हर साल एक प्रवेश परीक्षा आयोजित करता है। इसी तरह आईआईटी गांधीनगर पोस्ट ग्रेजुएट स्तर पर एमए इन सोसायटी एंड कल्चर नाम से पाठ्यक्रम संचालित कर रहा है। दसवीं या बारहवीं पास करने वाले काफी छात्रों के मन में एक आम–सा प्रश्न होता है कि ह्यूमेनिटीज स्ट्रीम को चुनने के बाद उनके करियर का स्वरूप कैसा होगा? इस प्रश्न का कोई सीधा जवाब नहीं है, लेकिन यह स्पष्ट है कि करियर का स्वरूप काफी हद उनके द्वारा चुने गए पाठ्यक्रम पर निर्भर होता है। किसी ह्यूमेनिटीज विषय में डिग्री हासिल करने के बाद आप कई क्षेत्रों में रोजगार पा सकते हैं। स्कूलों, म्यूजियमों, एडवर्टाइजिंग एजेंसियों, अखबारों, आर्ट गैलरियों, पत्रिकाओं और फिल्म स्टूडियो आदि में भी काम के मौके तलाशे जा सकते हैं। इन अवसरों को देखते हुए यह कहना गलत नहीं होगा कि समय के साथ ह्यूमेनिटीज स्ट्रीम पर आधारित संभावनाओं का फलक और विस्तृत हुआ है। सरकारी सेवाओं में जाने की इच्छा रखने वाले छात्र ह्यूमेनिटीज स्ट्रीम के साथ अपने सपने का साकार कर सकते हैं। वह कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) और राज्य लोक सेवा आयोगों की प्रतियोगी परीक्षाओं के अलावा यूपीएससी की सिविल सर्विस परीक्षा में भी अपनी चुनौती पेश कर सकते हैं। चूंकि बैचलर डिग्री स्तर पर आर्ट्स के पाठ्यक्रमों में हिस्ट्री, जियोग्राफी और सिविक्स (नागरिक शास्त्र) आदि विषय पढ़ाए जाते हैं, जो तमाम प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहायक होते हैं।

## ह्यूमेनिटीज के लिए जरूरी गुण

- किसी मुद्दे को समझने और उसका मूल्यांकन करने की क्षमता
- मानसिक और कामकाजी स्तर पर रचनात्मकता हो
- काम को व्यवस्थित करने और उन्हें तय समयसीमा में निपटाने का हुनर
- लिखित सामग्री को पढ़ने और उससे खास बिंदुओं को चुनने का कौशल हो
- बड़ी मात्रा में सूचनाओं और तथ्यों को समझने और ग्रहण करने की क्षमता
- अलग–अलग शैलियों में अच्छा लिखने का हुनर हो
- अपनी बात को प्रभावी शब्दों में स्पष्ट रूप से रखने में दक्षता हो
- शोध करने और तथ्यों के स्रोतों का मूल्यांकन करने की क्षमता हो
- चर्चाओं में भाग लेने और उनका नेतृत्व करने में रुचि हो
- निजी प्रेरणा से काम करने का जज्बा हो
- विचारों और सुझावों को व्यावहारिक रूप देने की कला हो
- निष्पक्षता और खुद में पूरा विश्वास हो
- अपनी बातों पर विचार–विमर्श को तैयार रहने का लचीलापन हो
- सांख्यिकीय आंकड़ों पर आधारित शोध में निष्कर्ष निकालने की क्षमता हो



## इन क्षेत्रों में करियर बना सकते हैं

- राइटिंग ● प्रोग्राम प्लानिंग ● टीचिंग
- रिसर्च ● इंटरनल कम्यूनिकेशन
- पब्लिक रिलेशन्स
- पॉलिसी रिसर्च एंड एनालिसिस
- एडमिनिस्ट्रेशन ● सोशल वर्क
- मैनेजमेंट ● इंफॉर्मेशन ● जर्नलिज्म
- आर्कियोलॉजी ● एंथ्रोपोलॉजी
- एग्रीकल्चर ● जियोग्राफी ● एनजीओ
- इंडस्ट्रियल रिलेशन ● लाइब्रेरी साइंस
- लिबरल आर्ट्स ● फिलॉस्फी
- रिसर्च असिस्टेंस ● साइकोलॉजी

**Faridabad News**

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@ gmail.com
website: www.alivenews.co.in

# आशीर्वाद स्कूल में विशिष्ट प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन




Faridabad/Alive News

एसजीएम नगर स्थित आशीर्वाद पब्लिक हाई स्कूल में भारत विकास परिषद की ओर से शनिवार को गुरु वंदन छात्र अभिनंदन, विशिष्ट प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक मेघना श्रीवास्तव, पंजक सक्सेना रहे।

कार्यक्रम में कक्षा छठी के आयुष यादव, कुमुद,कक्षा सातवीं की निहारिका, कविश,कक्षा आठवीं का हरिओम ,ज्योति, कक्षा नौवीं के अनुराग, मानसी और कक्षा दसवीं की पिंकी और दामिनी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का समापन शूल की अध्यापक गिरीश जोशी,मोनू सतीजा,नीरू शर्मा,शिखा विजय, शालिनी सिंह, सुनीता पुनिया और सुमन ने किया।

स्कूल की डायरेक्टर अंशु सिंह ने भारतीय विकास परिषद नारायण शाखा का धन्यवाद किया। उन्होंने बच्चो को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों की कला में और निखार आता है। साथ ही कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों की प्रशंसा की।

# सीवर ओवरलो की समस्या से जूझ रहे पर्वतीय कॉलोनी के लोग

Faridabad/Alive News

वार्ड 5 की पर्वतीय कॉलोनी स्थित ललित मंडी की पॉकेट के उर्मिला विद्या निकेतन स्कूल के सामने करीब एक महीने से सीवर ओवर फ्लो की समस्या बनी हुई है। लोगों का आरोप है नगर निगम के अधिकारी शिकायत देने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं कर रहें है।

सीवर ओवरफ्लो होने से पूरी सड़क पर सीवर का गंदा पानी भरा हुआ है जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। गली में सीवर का गंदा पानी भरने की वजह से सड़क पूरी तरह तालाब में तब्दील हो गई है। हालांकि सरकार शहर के विकास के लिए सालाना 2500 करोड़ रुपए खर्च करती है, परंतु इसके बाद भी शहर के हालात जस के तस बने हुए हैं। शहर के हालात देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि अधिकारी काम करने के नाम पर केवल खानापूर्ति कर रहे हैं।

**स्कूल से निकलने वाले बच्चों को होती है भारी परेशानी**

स्थानीय निवासी अरुण का कहना है कि इस पॉकेट में करीब तीन से चार प्राइवेट स्कूल हैं। ऐसे में बच्चों को स्कूल से आवागमन करने के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है और गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है।



इसकी वजह से बच्चे बीमार भी पड़ रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ आसपास रहने वाले लोगों को बदबू का भी सामना करना पड़ता है जिससे लोगों का यहां रहना भी दुश्वार हो गया है।

**क्या कहना है अधिकारी का**

इस संबंध में जब हमारे संवादाता ने नगर निगम के कार्यकारी अभियंता पदम भूषण से बात की तो उन्होंने कहा कि इस समस्या की शिकायत उन्हें नही मिली है। आपके माध्यम से जानकारी मिली है। इस सीवर ओवरफ्लो की समस्या का समाधान जल्द करा दिया गया।

# डीएवी-37 स्कूल के बच्चों ने जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन

Faridabad/Alive News

शिक्षा विभाग की ओर से बुधवार को सेक्टर 12 खेल परिसर में जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सेक्टर 37, डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने भाग लिया।छात्र-छात्राओं ने विभिन्न श्रेणियों में दाखिला लिया ।

एस.जी.एफ.आई. कराटे टूर्नामेंट में लव्या जेमिनी कक्षा सातवीं और सुहाना सिन्हा कक्षा ग्यारवीं ने दो स्वर्ण पदक हासिल किए। लाव्या को राज्य स्तर के लिए चुना गया। वहीं दूसरी तरफ यशी बालियान कक्षा आंठवी और प्रणय सेंगर कक्षा नौवीं ने दो रजत पदक हासिल किए।

इसके अलावा एस.जी.एफ.आई ताइक्वांडो टूर्नामेंट में, अल्बिया नूर कक्षा सातवीं ने दो रजत पदक प्राप्त किये और युग यादव कक्षा नौवीं, वंशिका प्रजापति कक्षा सातवीं ने कांस्य पदक प्राप्त किया। काव्या कक्षा आंठवी को एस.जी.एफ.आई जिला स्तरीय योगा अंडर-14 गर्ल्स के लिए चुना गया।

अंजलि कक्षा बारवीं , लक्ष्मी प्रिया बारिक कक्षा बाहरवीं और सृष्टि शर्मा कक्षा बाहरवीं को एस.जी.एफ.आई ने जिला स्तरीय योगा अंडर-19 लड़कियों के लिए चुना गया।आयुष मोहंती कक्षा ग्यारवीं और अंशुमान सिंह कक्षा ग्यारवीं को एस.जी.एफ.आई जिला स्तरीय योगा अंडर-19 के लिए चुना गया।

अंडर-14 गर्ल्स टेबल टेनिस टूर्नामेंट में कक्षा आठवीं की कुसुम शाक्य , प्रेरणा मलिक ,कनिष्का उपाध्याय ने दूसरा स्थान हासिल किया। जीविका रघुवंशी और तमन्ना शर्मा कक्षा नौवीं और कक्षा बाहरवीं की डॉली कुमारी साह ने अंडर-19 गर्ल्स टेबल टेनिस टूर्नामेंट में द्वितीय रैंक हासिल की। जिसमें जीविका का चयन राज्य स्तर के लिए हुआ है।एस जी एफ आई एथलेटिक्स टूर्नामेंट में कक्षा नौवीं की मन्नत ककड़ ने कांस्य पदक हासिल किया। मन्नत का चयन राज्य स्तर के लिए हुआ । कक्षा सातवीं सिद्ध ककड़ को एस.जी.एफ.आई राज्य स्तरीय बैडमिंटन अंडर-14 के लिए चुना गया। कक्षा आंठवी हितेन सोलानी को एस.जी.एफ.आई. राज्य स्तरीय फुटबॉल अंडर-14 के लिए चुना गया। स्कूल के प्रिंसिपल दीप्ति जगोता ने एस जी एफ आई जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बधाई दी और साथ ही बच्चो का उत्साह बढ़ाया।

# शिक्षक दिवस पर मानव सेवा समिति ने मानव सुपर 21 के शिक्षाविदों को दिया शिक्षक गौरव सम्मान



Faridabad/Alive News


शिक्षक दिवस पर मानव सेवा समिति ने मानव सुपर 21आईआईटी कोचिंग में अपनी बहुमूल्य सेवाएं दे रहे प्रोफेसर और शिक्षाविदों को ÷शिक्षक गौरव सम्मान÷ देकर उनका अभिनंदन किया। समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा, संस्थापक अरुण बजाज, चेयरमैन प्रोजेक्ट संजीव शर्मा, मुख्य सलाहकार अरुण आहूजा कोषाध्यक्ष राजेंद्र गोयनका ने प्रोफेसर एनके गर्ग, सुभाष शर्मा,राजेश कुमार, सौरव अरोड़ा,केसी अग्रवाल, विवेक भाटिया को पगड़ी व सम्मान पट्टिका पहनाकर उनकी सराहनीय सेवा के लिए उनका आभार प्रकट किया। इस शुभ अवसर पर मानव सुपर 21 में कोचिंग प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों ने भी सभी प्रोफेसर गुरुओं को तिलक लगाकर, उनके चरण छूकर उनका आशीर्वाद लिया।इस मौके पर चेयरमैन महिला मंडल ऊषाकिरण शर्मा,राज राठी, कमला वर्मा, कुसुम वशिष्ठ, सुष्मिता भौमिक, गोविंद वर्मा मौजूद रहे।

# समभाव-समदृष्टि की महत्ता को दर्शाते हुए सतयुग दर्शन में विशेष कार्यक्रम आयोजित

Faridabad/Alive News

सबकी जानकारी हेतु विश्व समभाव दिवस के शुभ अवसर पर 7 सितम्बर 2024 को समभाव-समदृष्टि की महत्ता को दर्शाते एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात सतयुग दर्शन ट्रस्ट के मार्गदर्शक सजन जी, सतयुग दर्शन ट्रस्ट की मैनेजिंग ट्रस्टी रेशमा गांधी, सतयुग दर्शन संगीत कला की चेयरपरसन अनुपमा तलवार, सतयुग दर्शन के विशाल सभागार में दीप प्रज्ज्वलन कर के की।

इस अवसर पर सतयुग दर्शन के विशाल सभागार में दिल्ली एनसीआर के जाने माने स्कूल, कॉलेजों के प्रधानाचार्य, प्रोफेसरस, अध्यापकगण व अंतर्राष्ट्रीय मानवता-ई-ओलम्पियाड के विजेताओं के अतिरिक्त, गेस्ट आर्फ आनर के रूप में दिल्ली के डॉ अरुण सचर, डी.आर.डी.ओ. के पंकज कुमार, पंचकुला से कर्नल महेन्द्र सिंह, वित्त मंत्रालय से कपिल लाल, वाणिज्य मंत्रालय से श्रीकृष्णा सिन्हा, करनाल व फरीदाबाद के डीईओ, तिगांव के एमएलए राजेश नागर विभिन्न विद्यालयों के डायरेक्टर व चेयरपर्सन




आदि उपस्थित थे।

सबकी जानकारी हेतु इस अंतर्राष्ट्रीय मानवता ओलम्पियाड के अंतर्गत, स्कूली स्तर पर पांचवी से आठवीं तक के लेवल में अम्बाला सिटी के दुआ नेशनल मॉडल स्कूल की काशवी दुआ व नौंवी से बारवहीं तक के लेवल में उत्तर प्रदेश, एसवीएम इंटर कॉलेज के शावाज मिर्जा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। व्यक्तिगत स्तर पर हुई परीक्षा में करनाल की आरती शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कॉलेज स्तर पर असम के सुजान साहा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इन सब विजेताओं को टीवी, स्मार्टफोन इत्यादि प्रदान किए गए है। इसके अतिरिक्त अन्य हजार विजेताओं को अन्य आकर्षण इनाम इत्यादि प्रदान किए गए।

# जीवा स्कूल के विद्यार्थियों ने हिन्दी उत्सव में लिया हिस्सा

Faridabad/Alive News

सेक्टर 21बी स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में विद्यालय के सभी छात्रों ने हिन्दी पखवाड़े में भाग लिया। पहली सितंबर से 14 सितंबर तक देश में हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया जाता है। देश के सभी शिक्षण संस्थानों व कार्यालयों में हिन्दी भाषा के सम्मान में कई प्रकार से हिन्दी के कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। हिन्दी भाषा को देश की राष्ट्रभाषा का सम्मान प्राप्त है और राष्ट्रभाषा का सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है। कक्षा तीसरी से लेकर नौवीं कक्षा तक के छात्रों ने विशेष कार्यक्रम के दौरान आयोजित विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रतियोगिता में कक्षा छठी से लेकर आठवीं के छात्रों ने रामायण की चौपाइयों को बहुत सुंदर व अद्भुत ढंग प्रस्तुत किए, इस अवसर पर विद्यालय का वातावरण भक्तिमय हो उठा। वहीं प्राइमरी में कक्षा पहली से लेकर कक्षा पांचवीं के छात्रों ने बहुत सुंदर प्रस्तुति दी। छात्रों ने हास्य कविता प्रस्तुत किए, कहानी वाचन के साथ साथ भगवत गीता के श्लोक प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का परिचय



दिया। प्रत्येक छात्र की प्रस्तुति आत्मविश्वास से परिपूर्ण रही। छात्रों ने अपने विचारों को अत्यंत शानदार ढंग से व्यक्त किया। छात्रों ने हिन्दी में कला एवं अभिनय से समां बांध दिया। इस अवसर पर विद्यालय की हिन्दी की अध्यापिकाओं ने भी भाग लिया और सभी ने अपने-अपने स्तर पर लेख इत्यादि के रूप में अपने विचार हिन्दी में प्रकट किए।

इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान ने भी हिन्दी भाषा के प्रति सम्मान भावना को प्रकट किया एवं अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यालय की उपाध्यक्षा चंद्रलता चौहान ने भी सभी को हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं दी। विद्यालय की एकेडमिक एंड एक्सीलेंस हेड मुक्ता सचदेव एवं प्रमुख संयोजिका मिनी जोसेफ ने भी हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं दी।

# आशीर्वाद स्कूल की डायरेक्टर गायत्री विद्यापीठ स्कूल के कार्यक्रम में हुई शामिल



Faridabad/Alive News

आशीर्वाद पब्लिक हाई स्कूल की डायरेक्टर अंशु सिंह जी ने शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में उत्तराखंड के हरिद्वार में स्थित गायत्री विद्यापीठ (सीबीएसई स्कूल) के शिक्षक दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुई। विद्यालय की डारेक्टर श्रीमती शैलजा पांड्या से शिक्षक, शिक्षा और अध्यात्म के विषय में चर्चा हुई। गायत्री विद्यापीठ के प्रधानाचार्य श्री सीताराम सिन्हा ने कहा की आशीर्वाद पब्लिक हाई स्कूल एवं गायत्री विद्यापीठ का लक्ष्य एक ही है समाज में एक कुशल नागरिक का निर्माण करना साथ में परिसर में ही देव संस्कृति विश्वविद्यालय का भी भ्रमण किया

# नगर निगम बना नर्क निगम



Faridabad/Alive News

शहर की सफाई का जिम्मेदार नगर निगम कार्यालय की हालत बदहाल है। नगर निगम में जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र कार्यालय के सामने सीवर का गंदा पानी भरा हुआ है परंतु नगर निगम के अधिकारी अपने ही कार्यालय की स्वच्छता पर ध्यान नहीं दे रहे हैं ।

**गंदे पानी भरने की वजह से पनप रहे हैं मच्छर**-नगर निगम में करीब हजारों लोग शिकायत और परेशानी लेकर आते हैं ऐसे में सीवर का गंदा पानी भरने की वजह से लोगों का आवागमन करना मुश्किल हो रहा है। गंदा पानी भरने की वजह से जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र कार्यालय के आसपास मच्छर पनप रहें हैं जिससे कि नगर निगम में शिकायत व परेशानी लेकर आए लोगों का विभाग के बाहर खड़ा रहना भी मुश्किल हो रहा है।

**स्वच्छता को लेकर चलाए जा रहे है कई अभियान**

लोगों का कहना है कि पूरे फरीदाबाद शहर का विकास और स्वच्छता का ठेका नगर निगम को दिया गया है। स्वच्छता को लेकर कई अभियान चलाए जाते हैं लेकिन शहर में स्वच्छता के नाम पर लोगों को सीवर ओवरफ्लो और जलभराव की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

**क्या कहना है समाजसेवी का**

इस संबंध में समाजसेवी बाबा राम केवल का कहना है कि शहर में परेशानी होती है तो लोग नगर निगम कार्यालय में आते है और अब नगर निगम में दिक्कत है तो कर्मचारी कहां जाएं। उनका कहना है कि स्वच्छता को लेकर तमाम अभियान चलाए जाते हैं परंतु शहर में स्वच्छता के नाम पर केवल गंदगी ही नजर आ रही है।

# भागवत गीता श्लोक प्रतियोगिता का आयोजन



Faridabad/Alive News

बल्लभगढ़ के आदर्श नगर और सुभाष कॉलोनी में नेशनल मेडिकल ऑर्गेनाइजेशन और जैनिथ अस्पताल के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने 5 मंदिरों में भागवत गीता श्लोक प्रतियोगिता का आयोजन कराया। जिसमें सैकड़ों बच्चों ने हिसा लिया और अच्छे श्लोक सुनाने और उसका अर्थ बनाते वाले बच्चों को ट्रॉफीदेकर सम्मानित किया । इस दौरान बच्चों के अभिभावकों ने भी हॉस्पिटल से आए डॉक्टरों और समाज सेवकों के साथ धर्म के कार्य में साथ देने की बात कही। सुभाष कॉलोनी और आदर्श नगर में स्थित श्री हनुमान बाबा मंदिर, राधा कृष्णा गोपी धाम मंदिर, श्री खाटू श्याम मंदिर, खेड़ा देवत मंदिर, और शिव मंदिर में बच्चों को सच्चाई और धर्म के रास्ते पर चलने और कर्म करने की शिक्षा दी। नेशनल मेडिकल ऑर्गेनाइजेशन के जिला अध्यक्ष गुलशन कुमार शर्मा ने कहा कि बच्चों को इसी उम्र में यदि भागवत गीता पढ़ाई जाएगी तो आगे चलकर धर्म के कार्य कर सकेंगे।

# भाजपा की दूसरी लिस्ट के बाद नेताओं की बगावत शुरू, दो नेताओं ने पार्टी से दिया इस्तीफा

Faridabad/Alive News

हरियाणा में मंगलवार को भाजपा की दूसरी लिस्ट आने के साथ ही नेताओं की बगावत शुरू हो गई है। यहां पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा ने 2 लिस्टों में भी टिकट का ऐलान न होने के बाद सीधे नॉमिनेशन करने का ऐलान कर दिया है। वहीं, 2 नेताओं ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है।उन दो नेताओं में नारनौल से पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष और प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शिव कुमार महता और बड़खल विधानसभा क्षेत्र से भाजपा नेता राजन मुथरेजा शामिल हैं। राजन ने भाजपा कोषाध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया है।वहीं, दूसरी लिस्ट में भाजपा की टिकट न मिलने पर 2019 में नूंह से उम्मीदवार रहे जाकिर हुसैन ने अपने घर से भाजपा के झंडे उतार दिए हैं। साथ ही उनके बेटे ताहिर हुसैन ने निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान भी कर दिया है। हालांकि, इस पर जाकिर हुसैन का कहना यह उनके बेटे का निर्णय है। इसमें उनका कोई हाथ नहीं।हरियाणा की असंध विधानसभा में भाजपा नेता जिलेराम शर्मा का भी टिकट कट गया है। पार्टी ने यहां से जिला अध्यक्ष योगेंद्र राणा को टिकट दिया है। इससे नाराज जिलेराम शर्मा ने बगावती तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं की मीटिंग बुलाई है। साथ ही अपने कार्यालय से भाजपा के झंडे हटा दिए हैं।इसके अलावा नारनौल में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव ने भी पार्टी और पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने इसका कारण पार्टी में पुराने नेताओं और कार्यकर्ताओं की उपेक्षा होना बताया है।



# फरीदाबाद मॉडल स्कूल में छात्राओं को बेड टच, शोषण और महिला विरुद्ध को लेकर किया जागरूक

Faridabad/Alive News

महिला थाना सेंट्रल प्रभारी तथा दुर्गा शक्ति की टीम ने सेक्टर 31 थाना क्षेत्र में स्थित फरीदाबाद मॉडल पब्लिक स्कूल में छात्राओं को बेड टच, सेल्फ डिफेंस और महिला विरुद्ध अपराध के संबंध में जागरूक किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस टीम ने महिला विरुद्ध अपराध व डायल 112 ऐप के बारे में जागरूक करते हुए स्कूल में पढ़ रहे छात्राओं को बैड टच के बारे बताया कि यदि कोई भी व्यक्ति ने गलत तरीके से स्पर्श करने की कोशिश करता है तो उसके बारे में अपने परिजनों को बताएं क्योंकि यदि वह इसका विरोध नहीं करेंगे वह फिर से उनके साथ गलत हरकत करने की कोशिश करेगा। उन्होंने बताया कि पहले इस बात के बारे में बहुत कम जानकारी होती थी कि बैड टच क्या होता है परंतु आजकल इसके प्रति जागरूकता अभियान चलाकर विद्यार्थियों को इसकी जानकारी दी



जा रही है इसलिए यदि कोई भी व्यक्ति उन्हें गलत तरीके से छूने की कोशिश करता है तो चुप रहकर इसे सहन ना करें क्योंकि यह आगे चलकर उनके शोषण का कारण बन सकता है। पुलिस टीम ने छात्रों को सेल्फ डिफेंस के गुर सिखाए और बतलाया कि अगर कोई व्यक्ति आपका पिछा करता है, कमेंट पास करता है या अन्य किसी और तरीके से परेशन करता है तो इसकी सूचना पुलिस को दें। इसके साथ ही पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, साइबर अपराधों के मामलों में हेल्पलाइन नंबर 1930 तथा मोबाइल फोन गुम या चोरी होने पर इसकी जानकारी https://www.ceir.gov.in/Home/index.jsp पर देने के लिए जागरूक किया गया।

# जीवा स्कूल के छात्र सीआईएससीई की तीरंदाजी प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचे

Faridabad/Alive News

सेक्टर-21बी स्थित जीवा पब्लिक स्कूल के छात्रों ने सीआईएससीई खेल प्रतियोगिता में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। यह नैश्नल खेल प्रतियोगिता सीआईएससीई की ओर से कोलकाता द हेरिटेज (वेस्ट बंगाल) स्कूल में आयोजित की गई। जिसमें नॉर्थ रीज़न के अनेक ज़ोन के छात्रों ने भाग लिया।

जीवा स्कूल के लिए यह गर्व का विषय है कि तीरंदाजी की प्रतियोगिता में आठवीं कक्षा के आरुष चंदीला एवं बारहवीं कक्षा के पीयूष पालीवाल ने अपने शानदार प्रदर्शन कर पदक प्राप्त किए। आरुष ने एक स्वर्ण पदक प्राप्त किया और पीयूष पालीवाल ने दो कांस्य पदक प्राप्त किए। उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन के कारण उनकी टीम ने इस नैश्नल प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया। आरुष चंदीला और पीयूष पालीवाल ने दिल्ली एनसीआर ज़ोन की टीम का नेतृत्व किया। आरुष का प्रदर्शन




उच्च कोटि का रहा क्योंकि आरुष ने अपने सभी राउंड्स में बहुत सुंदर प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता कई चरणों में विभाजित की गई थी, जिसमें जीवा के छात्रों ने सभी चरणों को पार किया एवं फाइनल तक पहुंचे,अब वे गुजरात में होने वाले एसजीएफआई नैशनल प्रतियोगिता के लिए भी चयनित हुए हैं।दोनों छात्रों ने धैर्य एवं अनुभव के साथ अपने खेल का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष श्री ऋषिपाल चौहान ने दोनों विजेता छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं उनके प्रदर्शन की सराहना की। विद्यालय की प्रमुख संयोजिका सुश्री मिनी जोसेफ ने भी दोनों छात्रों को बधाई दी।

# Editorial

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@ gmail.com
website: www.alivenews.co.in

# हरियाणा विधान सभा चुनावी दंगल में राजनीतिक दलो की नई मुसीबतें



विनोद कुमार सिंह

आज आप का ध्यान हरियाणा के राज्य विधानसभा चुनावी दंगल से सम्बधित दाव पेंच पर करने वाले है।जैसा कि आप सभी को मालुम है कि दो राज्यों अर्थात जम्मु कश्मीर व हरियाणा में विधान सभा के होने वाली है जम्मु- कश्मीर में धारा370के हटने के बाद10 वर्षो के बाद चुनाव हो रही है।वही हरियाणा में 5 वर्ष बाद जहाँ कुछ महीनों राज्य के मुख्य मनोहर लाल कट्टर को हटाकर सैनी को सता की कमान सौंपी गई थी। जैसा कि हमने आपसे वादा किया था आज हम हरियाणा के विधान सभा चुनाव पर चर्चा करेंगे।

हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी व कांग्रेस के बीच बातचीत का लम्बे दौर के बाद दोनो दोनो में सहमति हो गई आप अपने 5 सीटों पर चुनाव लडेगीं । काँग्रेस पार्टी व आम आदमी पार्टी का इण्डिया ब्लाग के तर्ज पर गठबन्धन करने बैठको का दौर के बाद दोनो दलों में एक तरफ सहमति बन गई है।वही दुसरी तरफ हरियाणा में विधानसभा चुनाव के पास आते ही राजनीतिक पारा तेजी से ऊपर चढ़ने लगा है।

विनोद कुमार सिंह,स्वतंत्र पत्रकार देश की राजधानी दिल्ली से सटे हुए पड़ोसी राज्य हरियाणा की चर्चा चहुँ दिशाओं में हो रही है। हॉलाकि हरियाणा व हरियाणवी लोक संस्कृति,चौपाल व अखाड़े व किसानों पहलवानों ' खिलाड़ियो को लेकर होती रहती है।चाहे वह किसान आन्दोलन हो कुश्ती व अन्य खेलो पदकों के जीत का जशन हो आदि। आज आप का ध्यान हरियाणा के राज्य विधानसभा चुनावी दंगल से सम्बधित दाव पेंच पर करने वाले है।जैसा कि आप सभी को मालुम है कि दो राज्यों अर्थात जम्मु कश्मीर व हरियाणा में विधान सभा के होने वाली है जम्मु- कश्मीर में धारा370के हटने के बाद10 वर्षो के बाद चुनाव हो रही है।वही हरियाणा में 5 वर्ष बाद जहाँ कुछ महीनों राज्य के मुख्य मनोहर लाल कट्टर को हटाकर सैनी को सता की कमान सौंपी गई थी।जैसा कि हमने आपसे वादा किया था आज हम हरियाणा के विधान सभा चुनाव पर चर्चा करेंगे।आप को बता दे कि * हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी व कांग्रेस के बीच बातचीत का लम्बे दौर के बाद दोनो दोनो में सहमति हो गई आप अपने 5 सीटों पर चुनाव लडेगीं । *काँग्रेस पार्टी व आम आदमी पार्टी का इण्डिया ब्लाग के तर्ज पर गठबन्धन करने बैठको का दौर के बाद दोनो दलों में एक तरफ सहमति बन गई है।वही दुसरी तरफ हरियाणा में विधानसभा चुनाव के पास आते ही राजनीतिक पारा तेजी से ऊपर चढ़ने लगा है।*दुसरी तरफ हरियाणा में विधानसभा चुनाव के पास आते ही राजनीतिक पारा तेजी से ऊपर चढ़ने लगा है। तमाम राजनीतिक पार्टियाँ अपने अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा करने के साथ ही अब चुनाव प्रचार पर अपना ध्यान कर रही है। राज्य के दोनो राजनीतिक दलों भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी)और कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की पहली सूची तक जारी कर दी है।बीजेपी ने अपनी पहली सूची में जहाँ हरियाणा की 90 में से 67सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है तो वहीं कांग्रेस ने अपनी पहली लिस्ट में कुल32उम्मीद वारों के नामों का ऐलान किया है।

हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच बातचीत लम्बे दौर बाद दोनो पार्टी में रहमति बन गई है।गौरतलब रहे कि हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस आम आदमी पार्टी(आप) के साथ भी सीट बंटवारे पर दोनों पार्टियों के बीच सीट-बंटवारे पर सहमति बन गई है।हरियाणा राजनीति पर पैनी नजर रखने वालें राजनीतिक पंडितों का मानना है कि कांग्रेस के कुछ नेताओं ने अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी के साथ गठबंधन पर आपत्ति जताई है।जानकारी के मुताबिक हुड्डा गुट और कुछ अन्य नेता आप के साथ सीट बंटवारे के खिलाफ हैं।इन नेताओं का मानना है कि केजरीवाल की पार्टी का हरियाणा में कोई खास आधार नहीं है।वहीं, कांग्रेस ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को 32उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की।इसमें राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को गढ़ी सांपला-किलोई,पहलवान विनेश फोगाट को जुलाना और राज्य इकाई के प्रमुख उदयभान को होडल सीट से उम्मीदवार बनाया गया है।कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति(सीईसी)की नयी दिल्ली में हुई बैठक के बाद उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की गई। इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे,पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, पार्टी महासचिव एवं संगठन प्रभारी के.सी.वेणुगोपाल,अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी)के हरियाणा प्रभारी दीपक बाबरिया और हुड्डा समेत अन्य लोग शामिल हुए। एक तरफ काँग्रेस पार्टी व आम आदमी पार्टी का इण्डिया ब्लाग के तर्ज पर गठबन्धन करने बैठको का दौर जारी है वही दुसरी तरफ हरियाणा में विधानसभा चुनाव के पास आते ही राजनीतिक पारा तेजी से ऊपर चढ़ने लगा है। तमाम राजनीतिक पार्टियाँ अपने अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा करने के साथ ही अब चुनाव प्रचार पर अपना ध्यान कर रही है।राज्य के दोनो राजनीतिक दलों भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी)और कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की पहली सूची तक जारी कर दी है।बीजेपी ने अपनी पहली सूची में जहां हरियाणा की 90 में से 67 सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है तो वहीं कांग्रेस ने अपनी पहली लिस्ट में कुल 32 उम्मीद वारों के नामों का ऐलान किया है।वही हरियाणा में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन को लेकर बातचीत दौर चल रही है,लेकिन इन सबके बीच बीजेपी और कांग्रेस के लिएअपने ही नेता मुसीबत खड़ी करते नजर आ रहे हैं।ये वो नेता है जिन्हें पार्टी ने उनकी सीट से इस बार टिकट नहीं दिया है।अब ये नेता अपनी पार्टी के खिलाफ ही विद्रोह की विगुल बजाते हुए नजर आ रहे हैं।राज्य विधानसभा चुनाव के दिन जैसे-जैसे नजदीक आ रहे है राजनीतिक दलों के लिए मुसीबत बढ़ती नजर आ रही है।राज्यों के विधान सभा चुनाव के लिए सभी राजनीतिक दलों में अपने दलों की उम्मीदवारों के लिस्ट जारी करने के लिए माथा पच्ची व मैराथन बैठकों के दौर के बाद कुछ उम्मींदवारों की सुची जारी हो के बाद कई राजनेताओं नें अपना विरोध जताया है।कुछ न तो पार्टी के आला कमान के फैसले के विरोध अपनी पार्टी से इस्तीफा दे कर विरोधी दलों के खेमें में शामिल तक हो गया।ऐसा दृश्य पहले भाजपा के बाद अब कांग्रेस के नेताओं ने पार्टी के खिलाफ ही चुनाव लड़ने का किया ऐलान तक कर दिया है।पार्टी के द्वारा सुची के सामने आने के बाद काँगेस पार्टी के अंदर कई नेता आलाकमान से नाराज चल रहे हैं।इस सुची में सबसे पहला नाम बहादुरगढ़ के राजेश जून का है।उन्होंने विधान सभा निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा कर दिया है।कांग्रेस की पहली सूची जारी होने के बाद पार्टी के बड़े नेता राजेश जून ने अपने सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है।उन्होंने ऐलान किया है कि पार्टी ने उन्हें भले उम्मीदवार नहीं बनाया है लेकिन वो बहादुरगढ़ से बतौर निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे।राजेश जून ने चुनाव लड़ने का ऐलान करने के बाद अपने समर्थकों के साथ एक बैठक भी की है।उन्होंने कहा मेरे साथ कांग्रेस नेतृत्व ने धोखा किया है,लेकिन मैं हार नहीं मानने वाला हूं मैं इस चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार की तुलना दोगुने वोट लेकर विधायक चुना जाऊँगा । पार्टी के वरिष्ठ नेताओं मुझसे वादा किया था कि वें मुझे टिकट देंगे,लेकिन ऐसा हुआ नहीं.

आपको बता दें कि कुछ दिन पहले ही भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी)ने भी अपने67उम्मीद वारों की पहली सूची जारी की थी।पहली लिस्ट को आए अभी 24 घंटे भी नहीं हुए थे कि बीजेपी में इसे लेकर विरोध के स्वर बुलंद होने लगे थे।बीजेपी के खिलाफ बगावत करने वालों में खास तौर पर तीन बड़े नेता शामिल थे।इन नेताओं ने पार्टी के पदों से इस्तीफा भी दे दिया था. इस लिस्ट में पहले नंबर पर थे कर्णदेव कांबोज आप को बता दे कि कंबोज वर्तमान में हरियाणा में भाजपा के ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष थे।उन्होंने इंद्री से टिकट ना मिलने के बाद भाजपा के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था।पार्टी पद से इस्तीफा देने वालों में रणजीत सिंह चौटाला और कविता जैन जैसे नेताओं नाम भी शामिल है।हरियाणा के कैबिनेट मंत्री चौधरी रणजीत सिंह चौटाला का भी नाम लिस्ट से गायब था।बीजेपी की पहली लिस्ट से अपना नाम गायब देखने के बाद रणजीत सिंह चौटाला ने अपने समर्थकों की एक बैठक बुलाई थी।वही काँग्रेस पार्टी के लिए एक बुरी खबर आ रही है कि हरियाणा विधान सभा चुनावी दंगल में पार्टी ने दो अन्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पहलवान विनेश व बजरंग को उत्तरा था।दोनो पहवानों ने आनन फानन में काग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर लिया।बजरंग पहलवान को पार्टी में नई जिम्मेदारी सौपी वही विनेश को विधान सभा चुनावी मैदान दंगल में टिकट दे कर उतार दिया।राजनीतिक शतरंज के सह मात में चाल में दोनो पहलवान फॅसते नजर आ रहे है।सर्वविदित रहे कि दोनो पहलवान रेलवे में अपनी सेवा दे रहे है।यानि न रेलवे में दोनो नौकरी करते है।बजरंग की राजनीतिक गतिविधियों को देखते हुए रेलवे ने 4 सितंबर को उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया था।इसके बाद 6 सितंबर को दोनों पहल वानों ने रेलवे में अपने पद से इस्तीफा दे दिया और उसके बाद कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली।विनेश उत्तर रेलवे में खेल विभाग में विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी (ओएसडी)के पद पर कार्यरत थी।उन्होंने रेलवे को तत्काल प्रभाव वाला इस्तीफा दिया।बजरंग रेलवे के खेल विभाग में डरऊ पद पर थे। विनेश के बाद उन्होंने भी रेलवे को तत्काल प्रभाव वाला इस्तीफा भेजा था।दोनों के इस्तीफों को रेलवे ने अभी तक स्वीकार नहीं किया है।रेलवे के अनुसार कोई कर्मचारी नौकरी में रहते हुए इस्तीफा देता है तो उसे 3 महीने का नोटिस देना पड़ता है।इसके अनुसार 3 महीने तक नोटिस में कभी कर्मचारी का मन फिर से नौकरी में आने का होता है तो वह अपना इस्तीफा वापस भी ले सकता है।अगर कोई कर्मचारी तत्काल प्रभाव से इस्तीफा देता है तो उसमें वापसी की गुंजाइश खत्म हो जाती है।राजनीतिक हल्कों में चर्चा बनी हुई है कि विना इस्तीफा स्वीकार हुए विनेश चुनाव लड़ पाएंगी? .चुनाव आयोग के अनुसार सरकारी पद पर आसीन किसी भी व्यक्ति को चुनाव लड़ने के लिए पहले अपने पद से इस्तीफा देना होता है। संबंधित विभाग से अनापत्ति प्रमाणपत्र(एनओसी)लेनी होती है। इसके बिना रिटर्निंग अधिकारी किसी भी उम्मीदवार का आवेदन तक स्वीकार नहीं करते हैं। कुछ लोगों के दिलचस्प चर्चा छीड़ सी गई थी अब होगा कि विनेश चुनाव लड़ पाएंगी या नहीं। मै आप को स्पष्ट कर दूँ कि सुत्रो का हवाले खबर आ रही है कि दोनों पहलवानों का इस्तीफा रेलवें ने मंजूर कर लिया है।दोनो राज्यो के विधान सभा के चुनाव भाजपा व काँग्रेस के लिए चुनाव में जीत हासिल एक प्रतिष्ठा बन गया है। दोनो पार्टी अपने अपने सहयोगीयों के साथ मिलकर चुनावी शतरंज सियासी चाल में सह-मात का खेल शुरू कर दिया है।लैकिन इसका असली चाल जनता जनार्दन के पास है,क्योकि उन्हे ही अपना प्रतिनिधि चुनना है। चुनावी दंगल में किसकी जीत होगी,किसकी हार होगी यह तो 8 अक्तुबर को मतगना के बाद ही पता चलेगा।तब तक आप को इंतजार करना होगा। *लेखक स्वतंत्र पत्रकार व स्तम्भकार है।*




## संपादकीय

# आत्महत्या समस्या का हल नहीं, कमजोरी

**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

आत्महत्या कभी भी, किसी भी समस्या का समाधान नहीं है, बल्कि आत्महत्या एक अपराध है। समस्याओं से भागना कमजोरी है, सभी प्राणियों में सबसे बुद्धिमान मनुष्य है, लेकिन पूरी दुनिया में मनुष्य के अलावा कोई भी जानवर या जीव आत्महत्या नहीं करता। जब एक प्राणी भी अपने जीवन के अंत तक संघर्ष करता है, तो आज के आधुनिक समाज में सुविधा संपन्न व्यक्ति आत्महत्या क्यों करता है, यह पूरी तरह से अनुचित है। जीवन में हर व्यक्ति का संघर्ष दूसरों को बेहतर जीवन जीने के लिए प्रेरित करता है। असफलता हमें सिखाती है कि क्या नहीं करना चाहिए। दुख है तो सुख भी है, नफरत है तो प्रेम भी है, असत्य है तो सत्य भी है, बुराई है तो अच्छाई भी है। हर दिन एक जैसा नहीं होता, परिवर्तन संसार का नियम है। पशु-पक्षी, जीव-जन्तु कभी निराश नहीं होते, जब तक जीवन है, तब तक काम करते हैं, जब वे कठिनाइयों का सामना करते हैं तो उनकी मदद करने वाला तक कोई नहीं होता। आत्महत्या से वैश्विक स्तर पर हर साल 7 लाख से अधिक मौतें होती हैं। आत्महत्या से घर परिवार, समुदाय पर गहरा प्रभाव पड़ता है। घर के किसी व्यक्ति के जाने के बाद उसकी कमी कोई पूरी नहीं कर सकता। आत्महत्या से परिवार के लोगो को आर्थिक, मानसिक, सामाजिक पीड़ा सहनी पड़ती है। इस साल 2024 से 2026 तक के लिए ÷विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस÷ का त्रिवार्षिक थीम ÷बातचीत शुरू करने÷ के आह्वान के साथ ÷आत्महत्या पर कथा बदलना÷ है। इस थीम का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और आत्महत्या की रोकथाम के बारे में खुली बातचीत को प्रोत्साहित करना है। चुप्पी और कलंक की संस्कृति से खुलेपन, समझ और समर्थन की संस्कृति में बदल सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन अनुसार, जितने लोग आत्महत्या करते है उससे 20 गुना अधिक लोग आत्महत्या का प्रयास करते हैं, दुनिया में औसतन हर 40 सेकंड में आत्महत्या से एक मौत और हर 3 सेकंड में एक आत्महत्या का प्रयास है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के आधार पर ÷छात्र आत्महत्या - भारत में फैलती महामारी÷ रिपोर्ट 2024 अनुसार, हर साल आत्महत्याओं में 2 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है और चौंकानेवाली बात है कि छात्र आत्महत्याओं में 4 प्रतिशत की वृद्धि हुयी है। दुनिया में सबसे ज्यादा आत्महत्याएं भारत में होती हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में 171,000 लोग आत्महत्या से मर गए, जिसमें 2021 की तुलना में 4.2त्र की वृद्धि और 2018 की तुलना में 27त्र की वृद्धि दर्ज की गई। एक लाख पर आत्महत्या की दर 12.4 हो गई है, जो बहुत अधिक है। 2022 में देश में 1.7 लाख आत्महत्या से होने वाली मौतों में से 13.3त्र के साथ, महाराष्ट्र राज्य देश की आत्महत्या राजधानी के रूप में शीर्ष पर है। महाराष्ट्र राज्य के राहत और पुनर्वास विभाग की एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल महाराष्ट्र राज्य में 2,851 किसानों ने वित्तीय संकट के कारण आत्महत्या करके अपनी जान दे दी। 2022 में यह संख्या बढ़कर 2,942 हो गई, जबकि 2021 में यह 2,743 थी। सरकारी अधिकारियों की गलतियों, लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण कई दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें हमेशा जान-माल की हानि होती है, ऐसी दुर्घटनाओं में हर साल बड़ी संख्या में लोग मारे जाते हैं, फिर भी दोषी अधिकारी ये अपराधी होकर भी आत्मग्लानि में नहीं जलते और आत्महत्या नहीं करते, फिर हम क्यों छोटी-छोटी बात पर अपना आपा खो देते है। मनुष्य की बुराइयों ने आज जीवन को कठिन बना दिया है, क्योंकि मनुष्य के लालच और स्वार्थ ने समस्याएं पैदा कर दी हैं। झूठा दिखावा, लोगों से अत्यधिक अपेक्षाएं या ज्यादा भरोसा, घमंड, नशे की लत, संस्कार की कमी, गलत संगत, कथनी-करनी में अंतर, अनियंत्रित भावनाएं, मेहनत की कमी, आलस्य, कमजोर महसूस करना, जल्दी हार मानना, संतुष्टि की कमी ये सब मानव निर्मित समस्याएं हैं, जो मृत्यु का कारण भी बनती है। जो जीत हासिल करना जानते है, उन्होंने ही दुनिया में इतिहास रचा है, क्योंकि उन्होंने संघर्ष किया है, अपना लोहा मनवाया है।

# गुरु से शिक्षक, शिक्षक से अध्यापक और अंततः टी-चर

**लेखक-कृष्ण कुमार निर्माण**



प्रारम्भ से ही मैं हमेशा शिक्षकों के हितों का हिमायती रहा हूँ और आज भी हूँ,आगे भी रहूँगा लेकिन वर्तमान दौर के हालात को देखकर मेरा नजरिया बदला है क्योंकि अब वक्त के बदलते माहौल में गुरु,गुरु नहीं रहे बल्कि टीचर हो गए हैं और इससे भी आगे टी-चर हो गए हैं।कुछ मजबूरियाँ तो गुरु जी की भी रही हैं टीचर बनने तक और इस टीचर को टी-चर बनाने का काम व्यवस्था ने किया है।इतना होने के बाद भी मेरा मानना है कि वर्तमान दौर में जो कुछ हम अच्छा देख रहे हैं,उसका श्रेय इसी टीचर को जाता है पर टी-चर को नहीं।बेशक हालात विपरीत हैं लेकिन टीचर तो वही होता है जो विपरीत हालात में भी काम करके दिखाए और उन विपरीत हालातों को अनुकूलता में ढाले।ये माना कि हालात ने गालिब निकम्मा कर दिया पर जो टीचर होता है,वह बहुत बड़ी ताकत होता है तभी तो उसे अनगिनत संज्ञाओं से नवाज़ा गया है। सम्भवतः पूरी धरती पर ऐसा कोई दूसरा पद नहीं होगा,जिसे इतनी संज्ञाएँ दी गई हों और इसी का असर है कि आज के अविश्वसनीय दौर में अब भी टीचर पर लोग विश्वास करते




हैं।यह एक अलग बात है कि इस विश्वास में गिरावट जरूर आई है,जिसके बारे में टीचर को आत्ममूल्यांकन करना चाहिए।वैसे तो टीचर को हर तरह से,हर दृष्टिकोण से आत्मनिरीक्षण करना चाहिए क्योंकि गुरु से शिक्षक,शिक्षक से अध्यापक,अध्यापक से टीचर और टीचर से टी-चर बनने का सफर क्योंकर और कैसे हुआ?बेशक गुरुकुल पद्धति नहीं रही पर छात्र तो समक्ष है ही।मुझे लगता है कि इससे पहले कि यह समझा जाए कि व्यवस्था में इतनी खामी है,शिक्षा नीति बदल गई,नियम बदल गए,आज का छात्र नए मोबाइली दौर का छात्र है,ऐसे-वैसे कार्यों का अवांछित बोझ है,तो टीचर को टी-चर बनना ही था।सम्भवतः यह खुद को बचाने का तर्क है,कुतर्क की भांति।ये वाजिब सवाल है कि पस्थितियाँ विपरीत हैं लेकिन है अँधेरी रात पर दिया जलाना कब मना है?अतः टीचर को आत्मविश्लेषण करना चाहिए कि वर्तमान दौर में ऐसा क्यों हुआ?और यकीन मानिए यदि टीचर ऐसा करता है तो निश्चित रूप से एक सकारात्मक सामाजिक क्रांति होगी क्योंकि क्रांति की धार यही आकर तेज होती है।

बेशक टीचर कुछ कहें मगर आज का टीचर वैचारिक संकीर्णता में फंसा हुआ है।धर्म-जाति और क्षेत्र के नाम पर उसकी बौद्धिक क्षमता निरंतर कुंठित होती जा रही है।यहाँ तक कि कई बार तो विद्या मंदिरों को ताकत का अखाड़ा बनते देखा गया है और यह विचार निरंतर फलीभूत हो रहा है।यहाँ तक कि विद्यालयों में गुट बने हुए हैं।कई तो ऐसे रहते हैं जैसे विधिवत रूप से अलग हुए हों।कइयों की तो खूब चलती है।कई अपने-अपने व्यवस्याओं में इतना उतर गए हैं कि वे अपना मूल कार्य ही भूल गए हैं।बहुतों को खुद पुस्तक पढ़े कई-कई वर्ष बीत चुके हैं।बहुतेरे कार्यालयों में कब्जा जमाए बैठे हैं।कई अलग-अलग कामों में ही खुद को उलझाए हुए हैं।स्थानीय स्तर पर कार्यरत टीचर घरेलू कार्य उसी समय निपटाते हैं।इसमें महिला और पुरूष टीचर दोनों शामिल हैं।यकीन मानिए मुझे तो बहुत दिन हो गए कि कभी स्कूलों में इस बात पर चर्चा सुने कि आखिर शैक्षिक स्तर कैसे सुधारा जाए?कई जगह बाड़ ही खेत को चर रही हैं तो कई जगह रखवाला ही गड़बड़ करता है।कई जगह तो शिक्षा ही व्यवसाय है।निजी स्कूलों में तो यह होता ही था पर पब्लिक स्कूलों में भी पनपने लगा है। सम्भवतः टीचर इसलिए टी-चर बना क्योंकि वह अपनी शैक्षिक संस्कृति ही भूल गया।गुरु-मर्यादा से इतर होने लगा।वह भूल गया कि वह वैतनिक बेशक है परंतु उसका दर्जा कहीं ऊंचा है?सम्भवतः टीचर भूल गया कि देश व समाज का निर्माण उसी के कंधे पर है।मैं नहीं कहता कि टीचर की समस्याएँ जायज नहीं है।निश्चित रुप से टीचर की जो समस्याएँ हैं,वो जायज हैं।चाहे वो तबादलों की हों,वेतन संबंधी हों, गैर-शैक्षिणक कार्यों की हों,ढांचागत सुविधाओं की हों, पेंशन की हों, व्यवस्था द्वारा बनाई गई तमाम शैक्षिक नीति-निर्माण में शिक्षक को शामिल न करने की बात हो,शिक्षा नीतियों से संबंधित हो या फिर कोई ओर,वे सब अपनी जगह जायज है और निःसन्देह व्यवस्था को चाहिए कि केवल अपनी ना हाँककर उनका समाधान करें परन्तु इसका अर्थ यह कदापि नहीं कि मैं टीचर से टी-चर बन जाऊँ। अतः जड़ों की तरफ लौटिए और एक बार मन से प्रयास कीजिए कि हमें पुनः टी-चर से टीचर बनते हुए अध्यापक होते हुए गुरु बनने की ओर पुनः अग्रसर होना होगा और असंभव नहीं है क्योंकि-मुश्किल नहीं कुछ भी गर ठान लीजिए। याद रखिए शिक्षक दिवस मात्र भाषण देने, पुरस्कार बाँटने, गिफ्ट देने तक सीमित ना रखें बल्कि खुद टीचर अपने भीतर निष्पक्षता से झाँके और व्यवस्था इस बात पर विचार करे कि आखिर वह ऐसा क्यों कर रही है। बहरहाल शिक्षक दिवस पर गुरुओं को नमन करते हुए ढ़ेरों शुभकामनाएं।

(ये लेखक के स्वतंत्र हैं)

# अनुशासन और विशेषज्ञता के साथ अच्छा इंसान बनना सिखाता है 'शिक्षक'

**लेखक - पवन कुमार**

आज शिक्षक दिवस है और हममें से कोई भी ऐसा नहीं, जिसके जीवन में इस शब्द का महत्व न हो। हम आज जो कुछ भी है या हमने जो कुछ भी सिखा या जाना है उसके पीछे किसी न किसी का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष सहयोग व उसे सिखाने की भूमिका रही है। इसलिए आज का दिन प्रत्येक उस व्यक्तित्व के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का व उन सीखे हुए मूल्यों के आधार पर खुशहाल समाज निर्माण में अपनी भूमिका तय करने का दिन भी है। शिक्षक यानि गुरु शब्द का तो अर्थ ही अंधकार (अज्ञान) से प्रकाश (ज्ञान) की ओर ले जाने वाला है। भारत में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का श्री गणेश भी हो चुका है। पूरी शिक्षा नीति को देखने पर ध्यान आता है कि उसके क्रियान्वयन व सफ़ल तरीके से उसे मूर्त रुप देने का अगर सीधा-सीधा किसी का नैतिक दायित्व बनता है तो वह शिक्षक का ही है। वर्तमान के आधार को मजबूत करते हुए, भविष्य के आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को चरितार्थ करने व भारत को आगे बढ़ाने के सपनों को अपनी आँखों में भर कर निरंतर आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा व भाव जागरण का आधार भी शिक्षक है।

जीवन का दायित्वबोध है शिक्षक

शिक्षक जो जीवन के व्यावहारिक विषयों को बोल कर नहीं बल्कि स्वयं के उदाहरण से वैसा करके सिखाता है। शिक्षक जो बनना नहीं गढ़ना सिखाता है। शिक्षक जो केवल शिक्षा नहीं बल्कि विद्या सिखाता है। शिक्षक केवल सफ़ल होना नहीं, असफ़लता से भी रास्ता निकाल लेना सिखाता है। शिक्षक जो तर्क व कुतर्क के अंतर को समझाता है। शिक्षक जो केवल चलना नहीं, गिरकर उठना भी सिखाता है। शिक्षक जो भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार होना सिखाता है। शिक्षक जिसे समाज संस्कार, नम्रता, सहानुभूति व सहानुभूति की चलती फिरती पाठशाला मानता है। कहा जाता है कि एक शिक्षक का दिमाग देश में सबसे बेहतर होता है। एक बार सर्वपल्ली राधाकृष्णन के कुछ छात्रों और दोस्तों ने उनका जन्मदिवस मनाने की इच्छा ज़ाहिर कि, इसके जवाब में डॉक्टर राधाकृष्णन ने कहा कि मेरा जन्मदिन अलग से मनाने की बजाय इसे शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाए तो मुझे बहुत गर्व होगा। इसके बाद से ही पूरे भारत में 5 सितंबर का दिन शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन इस महान शिक्षाविद को हम सब याद करते हैं।

एक नज़र डॉ. राधाकृष्णन सर्वपल्ली

डॉ. राधाकृष्णन ने 12 साल की उम्र में ही बाइबिल और स्वामी विवेकानंद के दर्शन का अध्ययन कर लिया था। उन्होंने दर्शन शास्त्र से एम.ए. किया और 1916 में मद्रास रेजीडेंसी कॉलेज में सहायक अध्यापक के तौर पर उनकी नियुक्ति हुई। उन्होंने 40 वर्षों तक शिक्षक के रूप में काम किया। वह 1931 से 1936 तक आंध्र विश्वविद्यालय के कुलपति रहे। इसके बाद 1936 से 1952 तक ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में प्राध्यापक के पद पर रहे और 1939 से 1948 तक वह काशी हिंदू विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर आसीन रहे। उन्होंने भारतीय संस्कृति का गहन अध्ययन किया। साल 1952 में उन्हें भारत का प्रथम उपराष्ट्रपति बनाया गया और भारत के द्वितीय राष्ट्रपति बनने से पहले 1953 से 1962 तक वह दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति रहे। इसी बीच 1954 में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने उन्हें 'भारत रत्न' की उपाधि से सम्मानित किया। डॉ. राधाकृष्णन को ब्रिटिश शासनकाल में 'सर' की उपाधि भी दी गई थी। इसके अलावा 1961 में इन्हें जर्मनी के पुस्तक प्रकाशन द्वारा 'विश्व शांति पुरस्कार' से भी सम्मानित किया गया था। अतः हम कह सकते है कि वे जीवन भर अपने आप को शिक्षक मानते रहे और उन्होंने अपना जन्मदिन भी इसी परिपाटी का पालन करने वाले शिक्षकों के लिए समर्पित कर दिया।

शिक्षा को मिशन का रूप देना होगा

डॉ. राधाकृष्णन अक्सर कहा करते थे, शिक्षा का मतलब सिर्फ जानकारी देना ही नहीं है। जानकारी का अपना महत्व है लेकिन बौद्धिक झुकाव और लोकतांत्रिक भावना का भी महत्व है, क्योंकि इन भावनाओं के साथ छात्र उत्तरदायी नागरिक बनते हैं। वे मानते थे कि जब तक शिक्षक शिक्षा के प्रति समर्पित और प्रतिबद्ध नहीं होगा, तब तक शिक्षा को मिशन का रूप नहीं मिल पाएगा। आज शिक्षा को मिशन बनाना होगा। शिक्षा की पहुँच इस देश के अंतिम घर के अंतिम व्यक्ति तक होनी चाहिए। इसके लिए केवल शिक्षकों को ही नहीं समाज को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। प्रत्येक वो व्यक्ति जो अपने आपको शिक्षा देने में सक्षम समझता है उसे आगे आना होगा। अपने यहाँ अधिक से अधिक मोहल्ले एवं ग्रामीण शिक्षा केंद्र संचालित करने की चुनौती को उसे स्वीकार करना होगा। ताकि समाज का कोई भी वर्ग या स्थान शिक्षा से वंचित न रहे। उसे प्रतिदिन या सप्ताह में कुछ समय शिक्षा जैसे पुनीत कार्य के लिए लगाना होगा। इस कार्य के लिए उसे अपने जैसे बहुत से लोगों को खड़ा करना होगा व इस अभियान में सहयोगी बनने के लिए उनका भाव जागृत करना होगा।

**शिक्षा स्वरोजगार के लिए**

शिक्षक के नाते अब हमें शिक्षा को क्लास रूम से बाहर ले जाने की पहल करनी होगी यानि उसकी व्यावहारिकता पर ज्यादा ध्यान देना होगा। विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास को अपनी प्राथमिकता में लाना होगा। ताकि विद्यार्थी का कौशल उसके जीवन का हिस्सा बन सके और आगे उसे रोज़गार से जोड़ा जा सके। शिक्षा को फ़ॉर्मल एजुकेशन के साथ - साथ अनौपचारिक यानी इन-फ़ॉर्मल एजुकेशन बनाने की ओर भी अब हमें अपने प्रयासों को अधिक गति से बढ़ाने की आवश्यकता है। कोविड ने हमें आज इस विषय की ओर देखने की दृष्टि भी दी है ताकि भविष्य में किसी विकट परिस्थिति व आर्थिक संकट के समय स्व-रोज़गार के आधार पर हम आत्मनिर्भरता की भावना के साथ उस परिस्थिति का सामना कर सके।

**सच्ची अभिव्यक्ति व प्रेरक शक्ति का दिन**

तो आईये, आज शिक्षक दिवस के दिन इन सभी बातों का पुनः स्मरण कर, अपने हौंसलों की उड़ान को ओर बढ़ाते है। शिक्षक के दायित्वबोध को और अधिक संकल्प के साथ निभाते है। डॉ. राधाकृष्णन सर्वपल्ली के जीवन के विभिन्न प्रेरक पहलुओं से सीख ले,प्रत्येक व्यक्ति तक शिक्षा को ले जाने के अपने प्रयास को गति देते है। मैं से प्रारंभ कर इस शिक्षा रुपी अलख को लाखों - लाखों का सपना बनाते हैं। वास्तव में शिक्षक होने के नाते आज शिक्षक दिवस के दिन डॉ. राधाकृष्णन सर्वपल्ली के प्रति व अपने आदर्श प्रेरणादायी शिक्षकों के प्रति यही हमारी सच्ची अभिव्यक्ति व प्रेरक शक्ति होगी।

**(लेखक मीडिया विभाग, जे. सी. बोस विश्वविद्यालय, फरीदाबाद में एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष है**

# Faridabad News

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@ gmail.com
website: www.alivenews.co.in

## सूबेदार नवल सिंह नर्वत हुए पंचतत्व में विलीन

**Faridabad/Alive News**



दिल्ली हाई कोर्ट के एडवोकेट एवं प्रसिद्ध समाजसेवक पत्रकार रामरतन नर्वत के दादा सूबेदार नवलसिंह नर्वत 6 सितंबर , 2024 को पंचतत्व में विलीन हो गए। वह 100 वर्ष के थे। सूबेदार नवल सिंह नर्वत का जन्म 1 जनवरी 1925 को हरियाणा के फरीदाबाद जिले के खेड़ी कलां गांव में हुआ था। 1944 ईसवी में पलवल से उन्होंने दसवी पास की। सन 1947 में वह भारतीय सेना में भर्ती हो गए थे। भारतीय सेना में 26 वर्ष सेवा करने के पश्चात् 1973 ईसवी में वह सेना से सेवानिवृत्त हुए थे। सेना से सेवानिवृत्त होने के पश्चात् वह समाज सेवा में जुटे रहे तथा गाँव खेड़ी कलां सरकारी हाई स्कूल की कमेटी में ख़ज़ांची रहते हुए स्कूल की इमारत बनवाने में उनका अहम योगदान रहा। सूबेदार साहब की स्मृति में ब्रह्मभोज का आयोजन 16 सितंबर, 2024 को खेड़ी कला में किया जाएगा।

## हरियाणा में प्रियंका और सोनिया गांधी भी करेंगी प्रचार

**Faridabad/Alive News**

इस बार हरियाणा में कांग्रेस की टॉप लीडरशिप भी चुनाव प्रचार करेंगी। इस लिस्ट में कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से लेकर लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी, सोनिया गांधी तक शामिल हैं। पार्टी के एक अहम सूत्र के मुताबिक प्रियंका गांधी 16 से 20 रैलियां तक कर सकती हैं। सोनिया गांधी एक विशाल रैली करेंगी जो हरियाणा के बिचौबीच होगी, चाहे वह पानीपत, कुरुक्षेत्र या ऐसी किसी जगह होंगी, जहां से पूरा हरियाणा कवर हो सके। इस रैली की जगह और दिन अभी फाइनल नहीं हुआ हैं। पार्टी के अहम रणनीतिकार के मुताबिक खरगे और राहुल के प्रचार की तारीख और कार्यक्रम पर अभी मंथन चल रहा हैं। अभी राहुल अमेरिका में हैं। ग्यारह सितम्बर क़ो राहुल स्वदेश लौट आएंगे और उनके आते ही हरियाणा में राहुल रैली से लेकर रोड शो तक करेंगे।

## डीएवी स्कूल में अध्यापकों के लिए तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन- डॉ एमपी सिंह



**Faridabad/Alive News**

डीएवी स्कूल की प्रधानाचार्या ज्योति दहिया ने बताया कि विद्यालय में सभी अध्यापकों के लिए तनाव प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है जिसमें देश के सुप्रसिद्ध शिक्षाविद् समाजशास्त्री दार्शनिक प्रोफेसर एमपी सिंह ने बतौर मुख्य वक्ता कहा कि अध्यापक के कंधों पर बच्चों, अभिभावकों तथा स्कूल की जिम्मेदारी के अलावा घर-परिवार तथा समाज की भी बड़ी जिम्मेदारी होती है इसलिए अधिकतर अध्यापकों के स्वभाव में स्ट्रेस की वजह से चिड़चिड़ापन आ जाता है।

डॉ एमपी सिंह ने तनाव क्या है तनाव कहां से पैदा होता है इसके कारण क्या है इसको कम कैसे किया जा सकता है इसके कारण कौन-कौन सी बीमारियां शरीर में लग जाती हैं तथा तनाव मुक्त रहकर विद्यार्थियों को कैसे पढ़ाया जा सकता है और कैसे परिवार को संभाला जा सकता है आदि पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी उक्त कार्य में विद्यालय की काउंसलर मिस आंचल का विशेष सहयोग रहा।

## बड़खल विधानसभा से मनोज चौधरी ने ठोकी ताल, बसपा-इनेलो गठबंधन से किया नामांकन



**Faridabad/Alive News**

बहुजन समाज पार्टी के हरियाणा प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज चौधरी अनखीर ने बड़खल विधानसभा से ताल ठोकर चुनाव को रोमांचक बना दिया है। चौधरी ने बसपा इनैलो गठबंधन के उम्मीदवार के रूप में बड़खल विधानसभा 87 से आज 12 सितंबर को नामांकन किया।

मनोज चौधरी के नामांकन करते ही शहर में हलचल मच गई है। नामांकन के बाद प्रेस को संबोधित करते हुए बसपा इनैलो गठबंधन उम्मीदवार श्री चौधरी ने कहा पिछले 20 साल से बड़खल की जनता कांग्रेस और भाजपा के कुशासन से परेशान है। उन्होंने कहा पहले कांग्रेस के 10 साल पूर्व विधायक और मंत्री रहे चौधरी महेंद्र प्रताप ने कोई खास विकास कार्य नहीं किया। वहीं वर्तमान में मंत्री और विधायक सीमा त्रिखा का कार्यकाल जीरो रहा। क्षेत्र की जनता अपने आप को ठगा महसूस कर रही है। आज भी विधानसभा के गांव बड़खल, नवादा, अनंखीर, लकड़पुर, अनंगपुर फतेहपुर चंदीला, भाकरी सहित शहर की कालोनियां, जिनमें प्रमुख तौर पर एसजीएम नगर बडखल कॉलोनी, ए सी नगर, भगत सिंह कॉलोनी, गांधी कॉलोनी, फरीदाबाद रेलवे स्टेशन रोड और सभी सेक्टरों में सीवर का गंदा पानी भरता है। पीने का साफ पानी नहीं है। सड़कों की हालत खराब है। सभी पार्क बंद से बत्तर हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की कोई व्यवस्था नहीं है। उन्होंने कहा वह पिछले 21 वर्ष से लगातार बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में काम कर रहे। उन्होंने यह महसूस किया कि उन्हें जनता के भलाई के लिए लड़ना चाहिए। उन्होंने बड़खल विधानसभावासियों से अपील करते हुए कहा कि वह गठबंधन की सच्चाई और ईमानदारी को देखते हुए। बहन कुमारी मायावती का उत्तर प्रदेश में चार बार का कार्यकाल देखते हुए हाथी का बटन दबाकर उन्हें विजई बनाएं। उनका वादा है कि वह किसी भी प्रकार की समस्या क्षेत्र में नहीं रहने देंगे। इस अवसर पर बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष सरदार उपकार सिंह, हरियाणा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट एन पी सिंह बघेल, जिला महासचिव डॉ सुशील कटारिया, विधानसभा अध्यक्ष रमेश कश्यप, फरीदाबाद 89 विधानसभा अध्यक्ष के एल गौतम सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा के भ्रष्टाचार को जनता उखाड़ फेंकेगी-नीरज शर्मा

**Faridabad/Alive News**

मंगलवार को एनआईटी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी नीरज शर्मा ने सेक्टर 12 स्थित लघु सचिवालय पहुंचकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इससे पहले सारण गांव के मंदिर में बाबा का आशीर्वाद लिया इसके बाद वाल्मिकी मन्दिर में पहुंचकर आशीर्वाद लिया व अपने निवास पर हवन यज्ञ में सम्मिलित हुए। नामांकन पत्र दाखिल करने जा रहे नीरज शर्मा के समर्थन में हजारों की संख्या में समर्थकों ने पहुंच कर सारण चौक तक पैदल यात्रा निकाल कांग्रेस प्रत्याशी के हाथ मजबूत किए। जिसका नजारा देखते ही बना।नामांकन दाखिल करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कांग्रेस प्रत्याशी नीरज शर्मा ने कहा कि भाजपा से त्रस्त प्रदेश की जनता ने कांग्रेस सरकार लाने का मन बना लिया है। सरकार बनते ही एक बार फिर हरियाणा प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा। तथा एनआईटी क्षेत्र में विकास का नया दौर शुरु होगा। पेयजल व सीवरेज की व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा। जिससे लोगों को मूलभूत सुविधाएं मिलेगी।भाजपा के भ्रष्टाचार का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि जो पैसा क्षेत्र के विकास के लिए आया था। वह भाजपा ने अपना घर भरने में लगा दिया। 200 करोड़ के घोटाले मामले में रुपयों की हर हाल में वसूली होगी। श्री शर्मा ने कहा कि वह



चाहते हैं कि केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के बेटे को एनआईटी से भाजपा प्रत्याशी बनाया जाए। ताकि उनके बेटे को भी पता लगे की उनके पिता ने क्षेत्र के लिए 10 साल में क्या काम किए हैं। कांग्रेस प्रत्याशी नीरज शर्मा ने कहा कि एक तरफ उनके पिता पंडित शिवचरण लाल शर्मा के कार्यकाल में किए गए कार्य हैं। वहीं दूसरी तरफ भाजपा सरकार का भ्रष्टाचार है। जिसे हरियाणा से उखाड़ फेंकने का जनता ने मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा एनआईटी क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए काम किया है। चाहे युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की बात हो या मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने की। इस मौके पर पार्षद जयवीर खटाना, महेन्द्र सरपंच, प्रदीप राणा, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर मुकेश शर्मा मौजूद रहे।

## नाले की सफाई के दौरान अधिकारियों ने दुकानों के साथ की तोड़फोड़



**Faridabad/Alive News**

डबुआ कॉलोनी 33फीट रोड त्यागी मार्केट राजू मेडिकल स्टोर के पास लोगो ने भारी जाम लगाकर अधिकारियों के खिलाफ रोष प्रकट किया। त्यागी मार्केट के प्रधान और पुलिस ने मौके पर पहुंच कर लोगों को शांत कराया। दरअसल, लोगों का कहना है नगर निगम अधिकारियों ने रविवार की रात करीब 12 बजे नाले की सफाई के दौरान दुकानों पर तोड़फोड़ की और दुकानदारों का 15 से 20 हजार का नुकसान कर दिया। वहीं दूसरी तरफ लोगों का कहना है कि अधिकारियों ने नाले की सफाई के नाम पर गुंडागर्दी दिखाई है और नाले की सफाई भी नशे की हालत में की है। स्थानीय निवासी रंजीत कौर ने बताया कि अधिकारियों की इस गुंडागर्दी के चलते लोगों का हजारों का नुकसान हो गया है। स्थानीय निवासी महेंद्र भड़ाना ने बताया कि नगर निगम अधिकारियों ने सफाई के नाम पर दुकानों पर अपना रोष जताया है जिसकी वजह से लोगों का भारी नुक्सान भी हो गया है।

## भाजपा नेता खफा होने से मुख्यमंत्री सैनी की सीट पर छाए संकट के बादल

**Faridabad/Alive News**

हरियाणा के लाडवा विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ रहे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की राह में अब बगावत के बादल छा गए हैं। भाजपा नेता संदीप गर्ग टिकट न मिलने से नाराज चल रहे है। उन्होंने बुधवार (कल) को लाडवा की मंडी में कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाई है। इस मीटिंग में संदीप गर्ग आजाद उम्मीदवार बनकर चुनाव लड़ सकते है। बता दें कि लाडवा की राजनीति में लंबे समय से सक्रिय गर्ग का यहां अच्छा-खासा रुतबा है और उनकी बगावत से भाजपा को भारी नुकसान झेलना पड़ सकता है।पार्टी से नारज चल रहे संदीप गर्ग को खुद सीएम नायब सैनी मनाने के लिए उनके निवास पर भी पहुंचे थे। इसके अलावा भी उनको पार्टी से किरण चौधरी ने भी उन्हें कॉल करके समझाने का प्रयास किया, लेकिन संदीप गर्ग यह फैसला कल होने वाली समाज की मीटिंग पर छोड़ा है।कौन हैं संदीप गर्ग?संदीप गर्ग भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं और उनका अग्रवाल समाज में अच्छा खासा प्रभाव है। इस सीट पर





करीब 12 हजार वोट इस समुदाय के है। इस बार वह लाडवा से भाजपा की टिकट के प्रबल दावेदार थे, लेकिन टिकट मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को मिल गई। इसके बाद से ही गर्ग नाराज चल रहे हैं।संदीप गर्ग ने समाज सेवा में अपनी अलग पहचान बनाई है। अन्नपूर्णा रसोई, जो 5 रुपए में भरपेट खाना देती है, उनकी एक प्रमुख पहल है। इसके अलावा, उन्होंने सामाजिक संस्थाओं में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गर्ग के मामा मदन मोहन मित्तल पंजाब सरकार में पूर्व मंत्री और भाजपा अध्यक्ष रह चुके हैं।

## विधानसभा चुनाव के लिए 6 उम्मीदवारों ने दाखिल किए नामांकन पत्र-जिला निर्वाचन अधिकारी



**Faridabad/Alive News**

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार 85- पृथला विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर नयन पाल रावत और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के तौर पर टेकचंद शर्मा ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के संपदा अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी डा. सिद्धार्थ दहिया के समक्ष नामांकन के दो फॉर्म सेट जमा कराए। इसी प्रकार 86- एनआईटी फरीदाबाद विधान सभा के नामांकन के लिए इंडियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर नीरज शर्मा ने रिटर्निंग अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त डॉ आनंद शर्मा के समक्ष, 87- बड़खल विधान सभा के नामांकन के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर कमल बाली ने रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी अमित मान के समक्ष, 90- तिगांव विधानसभा के नामांकन के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर ललित नागर और निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर पंडित सुभाष चंद्र दुबे गोरखपुरी ने जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी सतबीर मान के समक्ष नामांकन के दो फॉर्म सेट जमा कराए। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि आज मंगलवार को नामांकन के छटे दिन 88- बल्लभगढ़ विधान सभा, 89- फरीदाबाद विधान सभा में कोई भी नामांकन नहीं आया। किसी भी प्रत्याशी ने कोई नामांकन दाखिल नहीं किया।

# सोमवार को चार उम्मीदवारों ने दाखिल किए नामांकन पत्र-जिला निर्वाचन

**Faridabad/Alive News**

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार 86- एनआईटी फरीदाबाद विधान सभा के नामांकन के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर राजकुमार ने रिटर्निंग अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त डॉ आनंद शर्मा के समक्ष, 90- तिगांव विधानसभा के नामांकन के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के तौर पर राजेश नागर ने जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी सतबीर मान के समक्ष और 89-फरीदाबाद विधान सभा के नामांकन के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के तौर पर विपुल गोयल ने रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी शिखा अंतिल के समक्ष, 87 - बड़खल विधानसभा से बुलंद भारत पार्टी से प्रेम चंद गौड़ ने रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमंडल



अधिकारी अमित मान के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित तिथि 05 सितम्बर 2024 से 12 सितंबर 2024 तक अवकाश के दिन को छोड़क़र सभी छह विधान सभाओं के लिए निर्धारित स्थानों पर, 85-पृथला के लिए नामांकन पत्र सेक्टर-12, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के संपदा अधिकारी कार्यालय में, 86- एनआइटी के नामांकन के लिए लघु सचिवालय की पहली मंजिल पर स्थित कोर्ट रूम, कमरा नंबर 108 में, 87- बड़खल के लिए एनआइटी नंबर-01 बड़खल एसडीएम कार्यालय में, 88-बल्लभगढ़ के नामांकन उपमंडलीय कार्यालय परिसर बल्लभगढ़, एसडीएम कार्यालय बल्लभगढ़, कमरा नंबर-03 में, 89-फरीदाबाद के नामांकन के लिए सेक्टर-12, लघु सचिवालय, एसडीएम कार्यालय, कमरा नंबर-201 में और 90-तिगांव विधान सभा के नामांकन के लिए लघु सचिवालय की चौथी मंजिल पर कमरा नंबर-410 में प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक नामांकन दिए जा सकते हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि आज सोमवार को नामांकन के पांचवे दिन 85- पृथला विधानसभा, 88-बल्लभगढ़ विधान सभा में कोई भी नामांकन नहीं आया। किसी भी प्रत्याशी ने कोई नामांकन दाखिल नहीं किया।

## पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा खुद करोड़पति, उनकी पत्नी उनसे अमीर



**Faridabad/Alive News**

हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा खुद करोड़पति हैं, लेकिन संपत्ति के मामले में उनकी पत्नी आशा हुड्डा उनसे अमीर है। फिलहाल भूपेंद्र सिंह हुड्डा के पास 1850 ग्राम सोना और 25 किलो चांदी हैं। वहीं उनकी पत्नी आशा हुड्डा के पास 3300 ग्राम सोना व 10 किलो चांदी है।भूपेंद्र हुड्डा की चल संपत्ति 3.46 करोड़ तो आशा हुड्डा की चल संपत्ति 3.74 करोड़ है। वहीं भूपेंद्र हुड्डा के पास अचल संपत्ति 7.29 करोड़ व आशा हुड्डा के पास अचल संपत्ति 11.99 करोड़ है। पूर्व सीएम हुड्डा के पास रिवाल्वर, राईफल और पिस्तौल भी है। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह द्वारा चुनाव आयोग को दिए एफेडेविट में बताया गया है कि उनके खिलाफ 8 केस दर्ज हैं। जिनमें से चार केसों में जांच चल रही है और 4 केस कोर्ट में पहुंच चुके हैं और कोर्ट में सुनवाई चल रही है। सभी आठों केस 2015 से लेकर 2019 तक अलग-अलग जगहों पर दर्ज किए गए हैं। *इस खबर में आशा और भूपेंद्र सिंह हुड्डा का फोटो लगेगा*

## 'मैं तो बिना बात का लांडा बूचा एमएलए बनकर रह गया'



**Faridabad/Alive News**

हरियाणा के हिसार जिले की नारनौंद अनाज मंडी में मंगलवार को हुई एक जनसभा के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी के सामने ही रामकुमार गौतम ने प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला पर जमकर हमला बोला।

उन्होंने दुष्यंत चौटाला के बारे में बोलते हुए कहा कि खोपर मुझे सीढ़ी (पेड़ी) बनाकर खुद ऊपर चढ़ गया और मैं तो बिना बात का लांडा बूचा एमएलए बनकर रह गया।दुष्यंत देवीलाल के नक्शे कदम पर चलेगामैंने सोचा था कि यह लड़का (दुष्यंत चौटाला) देवी लाल के नक्शे कदम पर चलेगा और देवीलाल का असली वारिस होगा।

अगर वह मेरी मानता, तो मैं उसको देवीलाल के नक्शे कदम पर चलाता, लेकिन उसकी मनसा ठीक नहीं थी। उचाना में पूर्व सांसद बिजेंद्र सिंह की माता प्रेमलता ने उसको 48 हजार वोटों से हराया था। उसके बाद मैंने व मेरे आदमियों ने उसकी मदद कर उसको उचाना से जिताया, लेकिन मैं बिना बात का एमएलए बनकर रह गया।

## श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में नए सत्र के उपलक्ष्य में हुआ यज्ञ

**Faridabad/Alive News**

श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में बुधवार को नए सत्र उपलक्ष्य में यज्ञ किया गया। कंप्यूटर साइंस एंड आई टी विभाग द्वारा वल्लभी भवन में आयोजित इस यज्ञ में कुलपति डॉ. राज नेहरू ने मुख्य यजमान के रूप में आहुति डाली और नए सत्र में विद्यार्थियों के मंगल कामनाएं की। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जीवन में हमेशा सर्वश्रेष्ठ करें। उन्होंने विद्यार्थियों को सफलता के लिए परिश्रम करने और अवसर को पहचानने के लिए प्रेरित किया। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर ऊषा बत्रा ने सब विद्यार्थियों को शुभाशीष दिए और शिक्षकों व स्टाफ के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। इस अवसर पर डॉ. संजय सिंह राठौर, डॉ. मनी कंवर सिंह, उप निदेशक अमीष अमैय, डॉ. वैशाली माहेश्वरी, डॉ. विकास भदौरिया और डॉ. ऋतु राणा सहित काफी संख्या में शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। दूसरी ओर विश्वविद्यालय परिसर में बुधवार को हिंदी माह के अंतर्गत काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हिन्दी अधिकारी भूपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि काव्य पाठ प्रतियोगिता स्टाफ एवं विद्यार्थियों के दो वर्गों के लिए आयोजित की गई। दोनों वर्गों में कुल मिला कर 50 से भी ज्यादा प्रतिभागियों ने काव्य पाठ किया। डॉ. भावना रूपराई ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के महिला व पुरुष छात्रावास में रह रहे विद्यार्थियों के लिए सेफ्टी एंड सिक्योरिटी पर आधारित कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। कर्नल (रि.) उत्कर्ष सिंह राठौर ने विद्यार्थियों को सेफ्टी के मानकों के




बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि सुरक्षा की अनदेखी करने से कई तरह के जोखिम पैदा हो सकते हैं।इस अवसर पर होस्टल सुपरवाइजर सतीश बुधवार एवं डॉ. सोनिया शर्मा के अलावा स्टाफ नर्स ज्योति एवं काफी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

Faridabad News

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@ gmail.com
website: www.alivenews.co.in

# Ideal Public School Agwanpur Celebrated Ganesh chaturthi



**Faridabad Alive News**

Today, Ideal Public School, Agwanpur marked the auspicious occasion of Ganesh Chaturthi with great enthusiasm and devotion. The school's Chairman, Shri Rakesh Bhadana, along with the entire staff, welcomed Lord Ganesha* with a vibrant celebration that was filled with pomp and show.The event commenced with the traditional installation of the Ganesha idol, followed by prayers and cultural performances by the students. Chairman Shri Bhadana addressed the gathering, sharing the significance of Ganesh Chaturthi and highlighting the deeper meaning behind the festival. He emphasized the values of *wisdom, prosperity, and the removal of obstacles, which are symbolized by Lord Ganesha.

# Tribute paid to Dr. Sarvepalli Radhakrishnan at Dynasty School and celebrated Teacher's Day with reverenc



**Faridabad Alive News**

Dynasty International School celebrated Teachers' Day with great enthusiasm and reverence, paying tribute to the legacy of Dr. Sarvepalli Radhakrishnan, whose vision and dedication to education continue to inspire. The celebration commenced with the assembling of students and faculty on the school ground, followed by the lamp lighting ceremony, invoking divine blessings through the chanting of the Gayatri Mantra and the school prayer.

The harmonious group song set a melodious tone for the day.The event was formally introduced by the stage comperes, leading to the warm bouquet presentation to the Director – Kalpana Verma, honouring her vision and leadership. She delivered an inspiring address, emphasizing the significance of this day and the ideals of Dr. Radhakrishnan.

The students' heartfelt English speech and a poignant poem highlighted the immense gratitude students feel towards their mentors Teachers expressed their heartfelt gratitude for the respect and love they receive, not just on this day but every day, which fuels their dedication to nurturing the future. The celebration continued with a vibrant group dance by the Middle Wing, concluding with a grand Teacher's Day wish, an elegant group dance by the Senior Wing, and the national anthem. This day served as a beautiful reminder of the bond that unites teachers and students in the journey of learning and growth.

# Floral tribute given to the great teacher and former President of India at FMS

**Faridabad Alive News**

Teachers' Day was celebrated in Faridabad Model School on 5 September 2024. The function commenced with the floral tribute to Dr. S. Radhakrishnan a great teacher, philosopher and former President of India, by Academic Director Mrs. Shashi Bala, Director Principal Mr. Umang Malik and the staff members. A special assembly was conducted by Class XI students in which students thanked their teachers for being guides and mentors of their future. The Fmsians paid tribute to their teachers through different cultural programmes which included musical skit, dance, poem and speeches. To ignite the competitive spirit and infuse the day with excitement, games were conducted for the teachers and prizes were distributed to the winners. Academic Director Ma'am Mrs. Shashi Bala in her address asked the students to follow the guidance of their teachers who love and guide them selflessly. The students were motivated to self-evaluate their conduct and plan their future responsibly. On this occasion Director Principal Mr. Umang Malik, awarded the teachers who guided and motivated the students in achieving outstanding results in session 2023-24. Teachers were also awarded for being punctual and regular. Director Principal Sir congratulated the teachers and motivated them to work with increased enthusiasm and zeal to fulfill their duty towards the nation.




# Informative Session at Ideal School Agwanpur



**Faridabad Alive News**

Ideal Public School, Agwanpur recently hosted an enlightening session led by Dr. M. P. Singh. The session began with Dr. Singh addressing the teachers, providing valuable insights on how to improve the teacher-student relationship. Following this, Dr. Singh shared his knowledge with the students, fostering a productive dialogue. Both teachers and students actively participated in the discussion, offering bold and thoughtful responses. The event concluded with Chairman Rakesh Badhana and Principal Reeta Khanna expressing their sincere thanks to Dr. Singh for dedicating his time and expertise to the school. Their appreciation highlighted the significance of Dr. Singh's contribution to enhancing the educational environment at Ideal Public School.

# Ganesh Chaturthi Celebration at Manav Sanskar Public School




**Faridabad Alive News**

To mark the devotion for Ganapati Bappa cultural rituals were followed in MSPS ON Ganesh Chaturthi.The event began with the ceremonial installation of Lord Ganesha's idol in a beautifully decorated space.

Students, teachers, and staff participated in the ritual with devotion. Traditional prayers were offered to Lord Ganesha, followed by the singing of Ganesh Aarti. The atmosphere was filled with the sound of devotional songs and chants.

As part of the rituals, sweets like modak, which is known to be Lord Ganesha's favorite, were offered to the deity.The school choir performed devotional songs and bhajans in praise of Lord Ganesha, creating a spiritual ambiance. This celebration blended cultural rituals with cultural dance by class 1 students.Director Yogesh Sharma said to students that it is a chance to connect with traditions while promoting eco-friendly practices.They motivated students to use eco-friendly Ganesha and earn knowledge like Lord Ganesha. Be humble like him with caring devotion for parents.

# Ideal school celebrated Teachers' Day



**Faridabad Alive News**

Ideal Public School, Agwanpur held a vibrant celebration in honour of TeachersÓ Day. The festivities featured senior students performing role plays of various teachers, which added a heartfelt and entertaining touch to the event. The celebration also included several cultural programmes, showcasing the studentsÓ diverse talents and creativity.To e&press their appreciation, students presented their teachers with bouquets and pens, symbolising their gratitude and respect. The day was further enhanced by students mimicking their teachers, which brought laughter and a light-hearted atmosphere to the occasion.A particularly memorable segment was a humorous dance cum play that depicted the everyday interactions between teachers and students. This performance was both amusing and insightful. Chairman Rakesh Bhadana concluded the celebrations by highlighting the crucial role teachers play in shaping studentsÓ lives and emphasising their importance in education and personal development.

## J.C. Bose University organized Awareness Programme under 'Police ki Pathshala' campaign



**Faridabad Alive News**

Faridabad Police in collaboration with J.C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, today organized an awareness event under 'Police ki Pathshala' is a campaign which aims is to empower youth to understand the basic laws and help prevent further crimes in the society apart from protecting themselves. The programme was addressed by the officials of Faridabad Police including Sh. Surender Singh, Sh. Jitender Kumar, SHOs, Cyber Crime, Ballabgarh and Sh Virender Singh, popularly known as Traffic Tau in Faridabad Police, on the topic 'Cyber Security, Road Safety and Say no to drugs'. The activity was conducted by Dr. Sonia Bansal, Director, Industrial Relations Cell and Dr. Shruti Mittal, Director, University Computer Centre and Digital Affairs. The Police officials informed the students about the various safety precautions followed by case specific administrative measures to be taken. The officials also enlightened the students on the 'Consequences of Substance Abuse' which causes a lot of problems, including academic difficulties, health-related issues (including mental health), poor peer relationships, and involvement with the juvenile justice system.During the programme, short videos related to cyber security were also displayed. The session was enlightening and very informative

# Teacher's Day celebration celebrated with reverence at Manav Sanskar School

**Faridabad Alive News**

Manav Sanskar Public School, Dheeraj Nagar held a special morning assembly to commemorate Teachers' Day. The assembly began with a yoga session led by School Chairman, Yogesh Sharma setting a serene tone for the celebrations. Yamini Rajendra Sharma, Shravan Sharma (School President), Shiv Kumar conducted a Yoga session for a good healthy life for teachers and students.

Students from classes 9th and 10th took the lead in paying tribute to Dr. Sarvepalli Radhakrishnan, a staunch advocate for education, whose birthday is celebrated as Teachers' Day. The ceremony commenced with a lighting ceremony performed by Chairman and Mentor Madam, marking the beginning of the festivities.

With heartfelt gratitude, students acknowledged the head of the institution as pillars of strength and motivation. The highlight of the celebration was the presentation of handmade cards, crafted with love and care, by the students to their teachers. This touching gesture expressed their deepest appreciation for the teachers who guide them daily.The event was filled with joyful moments, as students and teachers came together, creating an atmosphere of happiness and togetherness. This celebration not only honored the dedication of the teachers but also strengthened the bond between them and their students.




## Dynasty International school principal give message to children on TeachersÓ Day

**Faridabad Alive News**

As the Principal of Dynasty International School, I am honored to be part of an institution where learning is a shared journey for every stakeholder—teachers, parents, staff, and students alike. We pride ourselves on being a community of lifelong learners, committed to continuous improvement and e&cellence in education.On this TeacherÓs Day, we reflect on the invaluable role of educators in shaping the future of our society. This day, commemorating the birth anniversary of Dr. Sarvepalli Radhakrishnan, a revered scholar and IndiaÓs second President, reminds us that teachers are the bedrock of society, guiding and inspiring our youth.I e&tend my heartfelt gratitude to every teacher whose dedication, patience, and passion are the pillars of success. Together, we strive to build a strong and developed nation, with education at its core. Let us honor these remarkable individuals who inspire greatness far beyond the classroom.



**Mr. Nitin Verma-Principal, Dynasty International School**

# Manav Sanskar Public School, DhDAV school NH-3 celebrated Teachers' Day

**Faridabad Alive News**

DAV Public School, NH3, celebrated Teachers' Day, honoring the tireless efforts and dedication of their esteemed educators.The event began with a heartfelt welcome of all .To add more joy to this celebration students from various classes presented a cultural programme including – song from Classes 9 & 10, speech by Mehar , Class 10, Reah ,Class 10 presented a self – composed poem showing her appreciation and gratitude for her teachers and dance performances by the students of Class III ,showcasing their appreciation for their teacher that We brought a smile to their faces and made this day even more memorable.Teachers are not just individuals who teach us subjects like Mathematics, Science, or English.



They are our mentors, guides, and role models who help us become better human beings. They teach us life lessons, values, and ethics, which help us succeed not only in academics but also in life. A teacher's contribution is invaluable, and their impact on our lives is everlasting.It is said that teaching is the profession that creates all other Professions , and at some point, we have all imagined ourselves in the role of a teacher.

For many students, it's a dream to stand in front of a class, just like the teachers they admire, and share knowledge with others.This very day, some of our Class XII students got the opportunity to live out that dream—to step into the shoes of their teachers, if only for a little while. This experience not only brought them closer to understanding the art and science of teaching but also deepened their respect for the incredible work that educators do every day.It was a chance for them to experience the immense responsibility, the joy of sharing knowledge, and the fulfillment that comes from making a difference in someone else's life. The teachers were visibly moved by the gestures, and many expressed their gratitude for the love and respect shown by their students.

Everyone took away memories of love, respect and admiration for teachers.The school Principal, Ms. Jyoti Dahiya congratulated her team for their contributions in shaping the institution . She said as educators we are not just teachers ,but mentors , role models and guardians . We have the power to shape young minds, ignite curiosity and foster a love for learning that lasts a lifetime.

## Students of Faridabad Model School visited Imperial Auto Industry

**Faridabad Alive News**

Faridabad Model School organized an industrial visit to Imperial Auto Industries Faridabad for the students of Class X. Imperial Auto IndustryÓs visit marks a significant milestone in the evolution of the automotive sector, with its groundbreaking technologies and commitment to sustainability, the company is poised to make a substantial impact on the future of transportation. A brief introduction of the company was given by Mr. Rajesh Kumar, Deputy Manager HR and his team. The students were briefed about the companyÓs inception, itÓs working, products, marketing, different department, research & development and the assembly of fle&ible hoses, metal tubes and rubber hoses in the plant etc. Assembling and dissembling of the vehicles was shown practically to them.

# Faridabad Model School organised Workshop on Self Defence



Faridabad Alive News

Faridabad Police organized 'Workshop on Self Defence' in the school premises. The session was addressed by Insp. Usha Rani- SHO, Mahila Thana, Faridabad, PSI Hemlata, Mahila Thana, Faridabad alongwith the representatives of the Durga Shakti Rapid Action Force. The officials interacted with the students and guided them about safety and security related issues like cyber-crime, women safety, self-defence and help line numbers 112, 1091, 1098 and 1930. They informed regarding various safety precautions followed by case specific administrative measures to be taken. The officials also enlightened the students on the consequences of misuse of various social networking platforms, poor peer relationships, and involvement with the juvenile justice system. The representatives of Durga Shakti Rapid Action Force imparted self defence lessons and demonstrated various techniques like striking, blocking, grappling, and escape maneuvers, to help students remain safe, become more aware of their surroundings and prepare for the unexpected. The basic objective of the session was to empower girls, develop a sense of independence and self-reliance to help prevent further crimes in the society apart from protecting themselves. The session concluded with the address of FMS Academic Director Shashi Bala who expressed her gratitude towards the police officials. She also reinforced the need for making the students informed citizens, develop respect for law in the youth, promoting life skills education among adolescents, create awareness about cyber-crime and safety of girls. The session was enlightening and very informative.

# DAV school NH-3 School celebrated Ganesh Chaturthi



Faridabad Alive News

DAV Public School, NH-3 NIT celebrated Ganesh Chaturthi commenced on a spiritual note with the chanting of the famous Ganesh shloka. "Vakratunda Mahakaya Surya Koti Samaprabha |Afterwards, shivanshika of class –II presented a thought of the day & remember Lord Ganesha. Little dancing stars of class II (A & B) rocked on a medley of Ganesh songs which added splendor to the entire assembly. The children were also shown movie on "BAL GANESHA". An eco-friendly Ganesha was made by the little ones with the help of their teachers. The students were explained about the significance of the festival and the importance of eco-friendly ways of celebrating the festival. During the festival, students relish various delicacies including modak, which is said to be the favourite of Lord Ganesha. The whole atmosphere was charged with festivity.At the end the school Principal Mrs. Jyoti Dahiya , addressed the students and asserted the importance of celebrating festivals. They pointed out how Lord Ganesha was worshipped before beginning anything new or auspicious & wished Happy Ganesh chaturthi to all. The programme ended with chants of 'Ganapathi Bappa Moriya- Agle Baras tu Jaldi Aa' which echoed all around the campus in a festival manner. Overall it was an enjoyable day for all.

# कानून व्यवस्था खराब करने वालों के विरुद्ध की जाएगी सख्त कार्रवाई –ओपी नरवाल



Faridabad/Alive News

हरियाणा विधानसभा चुनावों को लेकर फरीदाबाद पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। इसी कड़ी में शुक्रवार को पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश नरवाल के नेतृत्व में शहर में भारी पुलिस व अर्धसैनिक बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान उपायुक्त फरीदाबाद विक्रम सिंह, पुलिस उपायुक्त अपराध हेमेन्द्र कुमार मीणा, पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल जसलीन कौर, पुलिस उपायुक्त एनआईटी कुलदीप सिंह, पुलिस उपायुक्त बल्लबगढ़ अनिल कुमार व पुलिस उपायुक्त यातायात उषा के साथ-साथ भारी संख्या में पुलिस बल व अर्धसैनिक बल ने फ्लैग मार्च में हिस्सा लिया। फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य आमजन द्वारा अपने मताधिकार का स्वतंत्र, निष्पक्ष एव शांतिपूर्ण तरीके से प्रयोग करने के लिए आश्वस्त करना और वहीं अपराधियों मे भय पैदा करना है ताकि चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनी रहे और आमजन निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। यह फ्लैग मार्च का काफिला पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर-21 सी से चलकर सेक्टर-21 डी, भगतसिंह चौक, नीलम चौक, बाटा पुल, हाडवेयर चौक, सोहना टी-पॉईट, बल्लबगढ़ पुल, अम्बेडकर चौक, उंचा गांव चुंगी,चंदावली पुल बाईपास रोड, सेक्टर-3 बाईपास रोड, सेक्टर-8 बाईपास रोड, सेक्टर-12 पर समापन हुआ। फ्लैग मार्च के दौरान मतदान केंद्रों का निरीक्षण करके सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा संबंधित थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, साथ ही स्टेटिक सुरवीलेंस टीम और फ्लाईग स्क्वायड टीम को भी चेक किया गया व स्टाफ को शराब तस्करी, अवैध नगदी के आवागमन व अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं/पदार्थो पर रोक लगाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। फरीदाबाद पुलिस की आमजन से अपील है कि चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। चुनाव के दौरान शराब/नशा तस्करों व अन्य सामाजिक तत्वों पर विशेष ध्यान रखें और किसी भी प्रकार की अपराधिक जानकारी होने पर इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दे।

# जनता के आर्शिवाद से बर्बाद बडख़ल विधानसभा का नए विजन के साथ विकास करेंगें-विजय प्रताप

Faridabad/Alive News

कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी विजय प्रताप सिंह ने बड़खल विधानसभा क्षेत्र में किए जा रहे जनसम्पर्क के दौरान लोगों का हजूम उमड़ रहा है। जहां जगह जगह हजारों की संख्या में लोग एकत्र होकर विजय प्रताप सिंह का पगड़ी बांध कर व फूलमालाओं से भव्य स्वागत कर रहे हैं विजय प्रताप सिंह ने कहा कि समय नजदीक आ रहा है पिछले दस सालों में बर्बाद हुए बडख़ल विधानसभा क्षेत्र का नए विजन के साथ विकास लोगों के आर्शिवाद कर करूंगा। बडख़ल विधानसभा उनका परिवार है और लोगों के सुख दुख के लिए उनके दरवाजे 24 घंटे खुले हुए हैं। यह बातें विजय प्रताप सिंह ने रविवार को दर्जन भर से अधिक सभाओं को सम्बोधित करते हुए कहीं। इस दौरान उन्होंने शिव दुर्गा विहार, एनआईटी, लक्कड़पुर, सैक्टर-21बी, सैनिक कॉलोनी, दयालबाग, सैक्टर-21डी, एसजीएम नगर में आयोजित जनसभाओं में शिरकत की और जन आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर विजय प्रताप ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने



फरीदाबाद शहर में जो काम कराए, भाजपा ने उन पर पानी फेरने का काम किया है। आज बड़ी भयावह स्थिति है कि क्षेत्र के लोग बुनियादी सुविधाओं से त्रस्त हैं। लेकिन, वादा करता हूं कि कांग्रेस सरकार आने पर आपको बुनियादी सुविधाओं के लिए धक्के नहीं खाने पड़ेंगे। पूर्व मंत्री महेन्द्र प्रताप सिंह ने फरीदाबाद में पानी, बिजली एवं सडक़ों पर बहुत काम किया है विकास के इसी एजेण्डे को लेकर क्षेत्र नवनिर्माण करेंगे। उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपए सीवर के नाम पर डकार लिए गए, लेकिन जगह-जगह सीवर का पानी भरा हुआ है। इतना ही नहीं गरीब लोगों के राशन कार्ड काट दिए गए। ऐसे लोग जो आज भी सुविधाओं से वंचित हैं और जरूरतमंद हैं, उनको उनका हक दिलाने का काम करेंगे।

विजय प्रताप ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने लोगों के बीच जहर घोलने का काम किया है। केवल हिन्दु-मुस्लिम के नाम पर लोगों को लड़ाने का काम किया है। आज वो काम पर ध्यान देते और लोगों को सुविधाएं दे तो प्रदेश से रुखसत न करते। उन्होंने कहा कि झूठे और खोखले वादे करने वाले भाजपा सरकार अब प्रदेश से जा रही है और कांग्रेस सरकार आ रही है। इसलिए अपना सहयोग दें और बदलाव की इस घड़ी में हमारा साथ दें। मैं, वादा करता हूं तीन महीने के अंदर बडख़ल विधानसभा क्षेत्र की रिपेयर कर दूंगा। आज जो लोग सीवर, नाले साफ करके और गंदगी में रहने को विवश है, उससे निजात दिलाऊंगा और टूटी सडक़ों को रिपेयर कराकर, घर-घर पानी पहुंचाने का काम करूंगा। लोगों को मूलभूत सुविधाएं देना ही मेरी पहली प्राथमिकता होगी, उसके बाद आप लोगों को सीवर एवं बूस्टर की सुविधा दी जाएगी। इस मौके पर उपस्थित जन समूह ने विजय प्रताप को भारी मतों से विजयी बनाकर विधानसभा में भेजने का भरोसा दिया।

# श्री सिद्धपीठ हनुमान मंदिर इस बार धूमधाम से मनाएगा दशहरा पर्व : राजेश भाटिया



Faridabad/Alive News

श्री सिद्धपीठ हनुमान मंदिर एनआईटी नंबर-एक में दशहरा पर्व पर बनने वाली पुतलों का बांस काटकर विधिवत रुप से शुभारंभ किया गया। इस मौके पर मंदिर के प्रधान राजेश भाटिया की मौजूदगी में पूजा अर्चना करके इसकी शुरूआत की। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद शहर में इस बार दशहरा बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर कमेटी के सभी पदाधिकारी इस कार्य को लेकर पूरी तत्परता से जुटे हुए है। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षो से कुछ राजनेताओं ने राजनीति द्वेष के चलते दशहरा मनाने पर रोक लगा रखी थी, लेकिन अब ऐसे राजनेताओं को जनता ने उनकी जगह दिखला दी है इसलिए श्री सिद्धपीठ हनुमान मंदिर इस बार दशहरा पर्व धूमधाम से मनाएगा। उन्होंने बताया कि आज रावण, मेघनाथ, कुंभकर्ण आदि के पुतलों को बनाने की शुरूआत हो गई है, दूरदराज से कारीगर इन पुतलों को तैयार करेंगे। उन्होंने बताया कि इस पूरे कार्य में मंदिर कमेटी के सभी पदाधिकारी व सदस्य अपना पूरा सहयोग कर रहे है।

# कॉलोनियों के विकास की फाइल दबा कर बैठ गई भाजपा सरकारः नीरज शर्मा

Faridabad/Alive News

रविवार को एनआईटी से कांग्रेस प्रत्याशी नीरज शर्मा ने जवाहर कॉलोनी डबुआ कॉलोनी मेन रोड और डबुआ थाना के पास चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। तथा अपने जनसम्पर्क अभियान को गति देते हुए तूफानी दौरा किया। जिसके तहत वह सेक्टर 56, जवाहर कॉलोनी, पर्वतीय कॉलोनी, संजय कॉलोनी, डबुआ रोड, जीवन नगर, खेड़ी गुजरान, गांव धौज, डबुआ कॉलोनी, डबुआ-पाली रोड, राजेन्द्र चौक आदि स्थानों पर पहुंचे। जहां पहुंचने पर लोगों ने कांग्रेस प्रत्याशी का ढोल-नगाड़ों व फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। साथ ही नीरज शर्मा को जीत का आशीर्वाद दिया। डबुआ कॉलोनी में कार्यालय का उद्घाटन के अवसर पर जनता को संबोधित करते हुए एनआईटी से कांग्रेस प्रत्याशी नीरज शर्मा ने कहा कि विकास कार्य करने के लिए नीयत और नीति होनी चाहिए। लेकिन भाजपा के पास दोनों ही नहीं हैं। भाजपा केवल भ्रष्टाचार करना और विकास कार्यों में अड़ंगा लगाना जानती है। इनकी कलई जनता के सामने खुल चुकी है। प्रदेश में कांग्रेस सरकार आ रही है। जिससे एक बार फिर विकास का पहिया तेज गति से चलेगा। इसके साथ ही एनआईटी क्षेत्र की दशा बदलने को लेकर काम किया जाएगा। श्री शर्मा ने कहा कि वह किसी पॉश सेक्टर में नहीं रहते। बल्कि अपनी एनआईटी की जनता के बीच कॉलोनी में रहते हैं। उन्हें मालूम है कि लोगों को क्या समस्याएं हैं और इनका सामाधान कैसे होगा। उन्होंने कहा कि जब कॉलोनियों में लोगों के घर पानी नहीं आता। तो उनके घर भी नहीं आता। इसी तरह कॉलोनी के लोगों को सीवर जाम का सामना करना पड़ता है। तो उन्हें भी इस परेशानी का सामना करना पड़ता है। कांग्रेस प्रत्याशी



नीरज शर्मा ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि कॉलोनियों की समस्याओं को दूर करने के लिए उन्होंने 28 करोड़ की फाइल बनवाई। जिसे मंजूर करने की बजाय भ्रष्ट भाजपा सरकार दबा कर बैठ गई। इस बीच कॉलोनी की जनता को मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसना पड़ा। भाजपा का काम विकास करना नहीं। बल्कि लोगों को परेशान करना है। उन्होंने कहा कि 8 अक्टूबर को हरियाणा में कांग्रेस सरकार आ रही है। जिसके बाद एनआईटी विधानसभा की कॉलोनियों में एक बार फिर विकास का दौर शुरु होगा। जिसके तहत सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त करने और लोगों के घरों तक पेयजल पहुंचाने का काम प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

# बडखल क्षेत्र को सीवरेज समस्या से मुक्त करवाना होगी मेरी पहली प्राथमिकता-धनेश अदलक्खा

Faridabad/Alive News

बडखल विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी धनेश अदलक्खा ने एक नंबर मार्किट में चुनावी अभियान चलाते हुए दुकानदारों व व्यापारियों से जनसंपर्क कर अपने लिए समर्थन मांगा। इस दौरान दुकानदारों व व्यापारियों ने श्री अदलक्खा का फूल मालाओं से स्वागत करते हुए उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर धनेश अदलक्खा ने कहा कि आज हर वर्ग भाजपा के साथ मिलकर देश को उन्नति की मार्ग पर ले जाना चाहता है और रही बात हरियाणा की तो यहां भी तीसरी बार भाजपा सरकार बनाएगी और उसमें बडखल क्षेत्र का प्रतिनिधित्व सबसे पहले होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के दस सालों के दौरान बडखल क्षेत्र में अनेकों विकास कार्य हुए, जिसमें सडक़ों का नवीनकरण, स्मार्ट बस अड्डा, स्टेडियम का जीर्णोद्धार सहित पानी, बिजली व सीवरेज आदि के कार्य भी युद्धस्तर पर हुए। उन्होंने कहा कि हाल ही में बारिशों के दौरान सीवरेज ओवरफ्लो की काफी परेशानियां लोगों को पेश आई, वह क्षेत्र की जनता को यह विश्वास दिलाते है कि अगर लोगों ने उन्हें विजयी बनाकर चंडीगढ़ भेजा तो बडखल क्षेत्र को सीवरेज की समस्या से मुक्त करवाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। श्री अदलक्खा ने कहा कि बडखल में सब डिवीजन पॉलिसी को धरातल पर लाकर सुधार करेंगे, जिससे कि हर व्यक्ति के मकान का नक्शा पास हो सके और उसे कोई असुविधा न हो। एक नंबर मार्किट में व्याप्त पार्किंग की समस्या को लेकर भाजपा प्रत्याशी धनेश अदलक्खा ने कहा कि यह मार्किट पांच स्कूलों से घिरी हुई है, पांचों स्कूल करीब आठ-आठ एकड़ में है, जबकि दो एकड़ में प्लस टू तक स्कूल चलाया जा सकता है, ऐसे में हम ऐसी व्यवस्था करेंगे कि मालिकाना हक तो शिक्षा विभाग का रहे और नगर निगम रेवेन्यू इकट्ठा करके



पार्किंग की समस्या का समाधान किया जा सके। इसके उपरांत एक नंबर मार्किट नजदीक दिल्ली जूस कॉर्नर के समीप स्थानीय लोगों ने एक बड़ी सभा करके भाजपा प्रत्याशी धनेश अदलक्खा को अपना समर्थन देते हुए उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने का विश्वास दिलाया।

# Faridabad Model school organized Workshop on Child Welfare

Faridabad Alive News

Faridabad Model School, Sector-31 organized at Workshop on Child Welfare and POCSO. Child Protection Unit, CWC. Guest speaker of the session was Aparna-Counselor District Child Protection Unit, CWC. She has many honors to her name in the field of counseling at the age of 5. Teaching experience of more than 9 years in CWC and Justice Juvenile Board. FMS Academic Director Shashi Bala, School Coordinators, teachers and students were present in the workshop. Aparna stated the fact that in the fast changing times of technology, where everyone is taken over by media and mobile phones, it is of utmost importance that children (especially below 18yrs.) are aware about their rights, can differentiate between good touch and bad touch, are equipped to navigate the changes and challenges of their age and can take appropriate steps by adhering to what law states". The objective of the workshop was to create awareness and prevent instances of sexual offences among children and eventually put a check on such incidents



against children. The session was incredibly interactive and allowed the learners to satiate their curiosity and share their insights into many important topics related to child welfare and safety. FMS Academic Director Shashi Bala expressed her gratitude and gratification towards the empathetic and educative session planned for the students and encouraged the students to spread awareness about the topics discussed, among other members in their family and friends. All in all, the informative session was a resounding success and ensured that the young learners felt better prepared to face the trials of growing up. By the end of the workshop, teachers and students had acquired guidelines with regard to the laws and acts laid down by POCSO.

# आइडियल पब्लिक स्कूल, आगवानपुर में हिंदी दिवस का उत्सव




Faridabad/Alive News

आइडियल पब्लिक स्कूल, आगवानपुर में हिंदी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नृत्य, नुक्कड़ नाटक, गायन और अन्य विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कक्षा 2 के विद्यार्थियों ने हिंदी गिनती पर एक मॉडल तैयार किया, जबकि अन्य ने व्याकरणिक शर्तों को अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत किया। शिक्षकों ने भी एक समूह गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, चेयरमैन श्री राकेश भदाना ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया और हिंदी के महत्व को समझाया। प्रिंसिपल रीता खन्ना और को-ऑर्डिनेटर रितु अग्रवाल ने भी हिंदी बोलने पर गर्व महसूस करने की बात की और इसके महत्व को उजागर किया। इस कार्यक्रम का आयोजन हिंदी विभाग की प्रमुख, श्रीमती शीला और उनकी टीम के मार्गदर्शन में किया गया। हम उन्हें इस खूबसूरती से आयोजित कार्यक्रम के लिए बधाई देते हैं।

# Faridabad Model School organized Awareness Programme on Puberty & Self Care

Faridabad Alive News

Faridabad Model School, Sector-31 in association with Asian Hospital (AmeriHealth Home Healthcare) organized a Puberty Education & Self Care Workshop for girls of Grade VII- XII. The guest speaker for the session was Dr. Aishwarya Sinha, Gynecologist, Robotic Surgeon and Women Wellness Consultant, Asian Hospital. She was accompanied by Sandeep Ahluwalia, Operations Manager, AmeriHealth Home Healthcare.

The workshop was attended by FMS Academic Director Shashi Bala, school coordinators, teachers, medical incharge and the students. To start with,



Dr. Aishwarya gave a presentation on topics associated with puberty, personal hygiene, healthy diet and self-esteem. The session was incredibly interactive and allowed the learners to not only satiate their curiosity but also share their insights into many important topics like body awareness and positive body image, understanding body parts, personal hygiene, being menstrual ready, etc.

The workshop was efficacious in empowering the students with comprehension, confidence, and a constructive outlook on the changes they should expect during Puberty. Dr. Aishwarya also encouraged the students to spread awareness about the topics discussed among other female members in their family.

FMS Academic Director Mrs. Shashi Bala expressed her gratitude and gratification towards the empathetic and educative session planned for the girls. The learners felt better prepared to face the trials of growing up and appreciated this opportunity to listen and learn in a safe and inclusive environment. All in all, the programme was a resounding success and ensured that these young learners are better equipped to navigate the changes and challenges of their age. It was indeed an informative session for the growing up girls.

Faridabad News

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@ gmail.com
website: www.alivenews.co.in

# ईमानदारी-शराफत की छवि और भ्रष्टाचार को तराजू में तोलकर मतदान करेगी पृथला की जनता-रघुबीर तेवतिया



● यह चुनाव पृथला क्षेत्र की दशा और दिशा बदलने का चुनाव है क्योंकि पिछले 10 सालों में हमारे क्षेत्र की जो दुर्गति हुई है, वह आप सबसे छिपी नहीं है। भाजपा के राज में दोनों जिस कदर भ्रष्टाचार और लूट मची है, वहीं जाति-धर्म वर्ग विशेष की बात कर जुम्लेबाजी में लोगों की भावनाओं से खेल आपसी भाईचारे को बिगाडा गया है।

**Faridabad/Alive News**

पृथला विधानसभा क्षेत्र से कांगेस प्रत्याशी रघुबीर सिंह तेवतिया के चुनावी अभियान को आज उस समय बडी सफलता मिली जब उनके पैतृक गांव जनौली में लोगों ने खुले समर्थन का ऐलान कर दिया। इस मौके पर आयोजित सभा में मौजूद हजारों की संख्या में लोगों ने एकमत होकर फैंसला किया कि वह गांव-गांव जाकर स्वयं रघुबीर तेवतिया बनकर झोली फैलाकर लोगों से वोटों की अपील करेंगे क्योंकि यह चुनाव अब उनके गांव के प्रत्येक बच्चे-बच्चे का स्वयं का भी चुनाव बन गया है, और कांग्रेस पार्टी ने उनके गांव के रघुबीरा को टिकट देकर समस्त जनौली गांव ही नहीं बल्कि तेवतिया पाल और समूचे क्षेत्र की 36 बिरादरी को मान दिया है। गांव में मिले अपार समर्थन से भावविभोर कांग्रेस पत्याशी रघुबीर तेवतिया ने कहा कि आज जिसप्रकार से लोगों ने उनके प्रति प्यार व सम्मान दिखाया है वह उसे जीवनभर भुला नहीं सकते। उन्होंने कहा कि यह चुनाव पृथला क्षेत्र की दशा और दिशा बदलने का चुनाव है क्योंकि पिछले 10 सालों में हमारे क्षेत्र की जो दुर्गति हुई है, वह आप सबसे छिपी नहीं है। भाजपा के राज में दोनों जिस कदर भ्रष्टाचार और लूट मची है, वहीं जाति-धर्म वर्ग विशेष की बात कर जुम्लेबाजी में लोगों की भावनाओं से खेल आपसी भाईचारे को बिगाडा गया है। इसलिए अब समय आ गया है, ईमानदारी-शराफत व बेदाग छवि और बेईमानी को तराजू में तोलकर एक ईमानदार व्यक्ति को चुनकर विधानसभा में भेजें ताकि पृथला क्षेत्र के नागरिकों के विकास के सपनों को पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि पूर्व में मैने विधायक रहते हुए ईमानदारी से सेवा कर पृथला क्षेत्र को रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा, औद्योगिक व सडक मार्ग आदि विकास के मामले की बुलंदियों पर पहुंचाया था, इसलिए मैं आपसे वादा करता हूँ कि मुझे दिया गया एक एक वोट आपके क्षेत्र की खुशहाली व 36 बिरादरी व हर वर्ग के भाईचारे में सहायक होगा। इसके उपरांत कांग्रेस प्रत्याशी ने मांदकौल गांव का दौरा कर लोगों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर उन्हें जगह-जगह फूलमाओं से व पगडी पहनाकर जोरदार कर स्वागत व सम्मान किया गया।

# पूर्व मंत्री महेंद्र प्रताप से जीत का आशीर्वाद लेने के बाद भरा नामांकन

**Faridabad/Alive News**

बड़खल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विजय प्रताप सिंह ने बड़खल तहसील में नामांकन भरा। इससे पूर्व मेट्रो गार्डन में उपस्थित जनता एवं अपने पिता पूर्व मंत्री महेंद्र प्रताप सिंह का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान का आशीर्वाद है कि चुनाव दशहरा पर्व से पहले आयोजित हो रहे हैं। इसलिए प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने के बाद फरीदाबाद का ऐतिहासिक पर्व दशहरा धूमधाम से मनाया जायेगा। उन्होंने बड़खल विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से हाथ जोड़कर आशीर्वाद मांगता हुए कहा कि 10 वर्ष में भाजपा ने प्रदेश को कर्ज में डुबाया है। कांग्रेस की सरकार जब गई तो 70000 करोड़ का कर्ज था जो अब बढ़कर 5 लाख करोड़ हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार आने पर फरीदाबाद को उसका खोया हुआ स्वरूप लौटाया जायेगा। शहर को प्रदेश में नंबर वन बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज पूरा शहर सीवर, गड्ढों से भरा हुआ है। सरकार आने पर शहर को बनाएंगे गड्ढा मुक्त, कचरा मुक्त। लोगों को फैमिली आईडी, प्रॉपर्टी आईडी पोर्टल और म्यूटेशन की लूट दिलाएंगे मुक्ति। विजय प्रताप ने



अपने संबोधन में कहा कि 10 साल में फरीदाबाद का जो बेड़ा गर्क हुआ है, सड़क, पानी, सीवर के लिए लोग तरस रहे हैं। कभी शहर की शान कहे जाने वाले रोज गार्डन में एक भी रोज नही है। भाजपा ने शहर को स्लम में तब्दील कर दिया है। गांव, शहर, कॉलोनी, सेक्टर सभी जगह सीवर बह रहा है। टोल को जजिया कर कहने वाली सरकार ने शहर को टोल सिटी बना दिया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 200000 नौकरी खाली पड़ी है। कांग्रेस सरकार आने पर नौकरियों को भरा जाएगा, युवाओं को दिया जाएगा रोजगार। बुजुर्गों को दी जाएगी 6000 पेंशन, सिलेंडर मिलेगा 500 में और 300 यूनिट बिजली फ्री। एक परिवार का बनेगा हेल्थ कार्ड सालाना मिलेगा 25 लाख तक का इलाज मुफ्त। इसके अलावा बीपीएल कार्ड का दोबारा सर्वे कराया जायेगा और गरीबों को उनका उचित हक दिया जायेगा। टाउन के अंदर जो 99 साल की लीज थी उसको रिव्यू करेंगे, उनको मालिकाना हक देंगे। इसके बाद विजय प्रताप ने अपने समर्थकों के साथ नामांकन भरा और क्षेत्र की जनता से जीत का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# ऑटो चालकों ने दिया भाजपा प्रत्याशी विपुल गोयल को अपना समर्थन

**Faridabad/Alive News**

फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार विपुल गोयल ने आज औद्योगिक नगरी में संचालित तिपहिया वाहन चालकों को संबोधित करते हुए कहा कि वे न केवल उनके समर्थन में खड़े हों, बल्कि ऑटो सवारियों को भी प्रमोट करें ताकि वे भारतीय जनता पार्टी से जुड़ें और उन्हें वोट दें। श्री विपुल गोयल आज सागर कॉम्प्लेक्स में बने कार्यालय में ऑटो चालकों को संबोधित कर रहे थे। भाजपा प्रत्याशी विपुल गोयल ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार बनते ही ऑटो से संबंधित सभी समस्याओं का हल तुरंत किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि कई ऑटो चालकों को लोन लेने में बड़ी परेशानी होती है, जिसका भी सरकार द्वारा शीघ्र समाधान निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि आज ऑटो औद्योगिक नगरी की एक रीढ़ बन चुके हैं; चाहे सर्दी हो, बरसात हो, या कड़ी धूप, वे औद्योगिक नगरी के लोगों की सेवा कर



उन्हें गंतव्य स्थान तक पहुंचाते हैं। उन्होंने अपना संकल्प दोहराते हुए कहा कि वे ऑटो वाहन संचालकों की सभी समस्याओं का समाधान करेंगे। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि फरीदाबाद औद्योगिक शहर में इस समय 60,000 से अधिक वाहन चालक अपना रोजगार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे सभी एक परिवार की भांति हैं, इसलिए आज से अपने आप को विपुल गोयल ही समझें और वोट देने के साथ-साथ पार्टी को भी समर्थन करें। इस अवसर पर समस्त ऑटो यूनियन के प्रधान शिव दुबे, अन्य प्रतिनिधि शिवम, योगेंद्र सिंह, वासुदेव, फतेह सिंह, दिनेश चंद्र, मुकेश शास्त्री, संतोष, सीमा भारद्वाज, और राजकमल राज आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर ऑटो यूनियन के प्रधान शिव दुबे ने भाजपा प्रत्याशी विपुल गोयल को आश्वासन दिया कि वे उन्हें पूर्ण सहयोग देंगे और भारी मतों से चुनाव जीताकर विधानसभा में भेजेंगे।

# आम आदमी पार्टी के कैंडिडेट ने बडख़ल विधानसभा से भरा नामांकन

**Faridabad/Alive News**

बडख़ल विधानसभा से आम आदमी पार्टी के कैंडिडेट ने भी अपना नामांकन भर दिया है आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार ओपी वर्मा ने कहा दिल्ली और चंडीगढ़ में आम आदमी पार्टी की सरकार है जब दिल्ली की हवा चंडीगढ़ में जाकर के सरकार आम आदमी पार्टी की बन सकती है तो हरियाणा तो चंडीगढ़ का लगता हुआ राज्य है हरियाणा में आम आदमी पार्टी की सरकार क्यों नहीं बन सकती। आम आदमी पार्टी ने बडख़ल विधानसभा से टिकट दिया है उनके भरोसे पर खड़ा उतरूंगा और पार्टी को आगे बढ़ने का काम करूंगा। बड़खल की क्षेत्र की जनता के बीच में जाकर उन्हें बताएंगे कि कांग्रेस और भाजपा ने किस तरह से लोगों को अंधकार में रखा। आज क्षेत्र की जनता टूटी हुई सड़के, गलियों में सीवर का पानी जमा होना, स्मार्ट सिटी के नाम पर जगह-जगह गड्ढे इस सरकार ने दिया है। विधायक बनते ही सबसे पहले इस क्षेत्र की जनता को इन सब से छुटकारा दिलवाऊंगा। इस बडकल क्षेत्र में पंजाबी समुदाय की संख्या बहुत ज्यादा है लेकिन भाजपा और कांग्रेस ने इनके साथ भी छल किया है, मैं बहुत ही खुशनसीब हूं कि मैं पंजाबी समुदाय से हूं अब पंजाबी समुदाय के लोग मेरे साथ खड़े हैं बडख़ल क्षेत्र की जनता



बदलाव चाहती है जनता भी हमारे साथ है। इस क्षेत्र में आम आदमी पार्टी ने जो टिकट दिया है उसे भरोसे को कायम रखूंगा। कार्यकर्ताओं के साथ अपने क्षेत्र में जाऊंगा और लोगों को अपने पार्टी के नीतियों के बारे में लोगों को बताऊंगा, लोगों से आम आदमी पार्टी को वोट डालने की अपील भी करूंगा।

# फरीदाबाद विधानसभा में विकास कार्य की कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे-विपुल गोयल

**Faridabad/Alive News**

फरीदाबाद 89 विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने आज अपने विधानसभा का तूफानी दौरा करते हुए कहा कि फरीदाबाद में जो उनके कार्यकाल के दौरान विकास के कार्य अधूरे रह गए थे, और निवर्तमान विधायक द्वारा जो कार्य नहीं किए गए उन कार्यों को भी वह प्राथमिकता के आधार पर लेंगे।

फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के लिए पर कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। पूर्व मंत्री आज सेक्टर 9- 10 के डिवाइडिंग रोड में आयोजित एक कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नोएडा के सांसद महेश शर्मा ने भी भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वोट मांगने जब घर-घर जाए तो सभी से अपील करें कि सपरिवार ही वोट डालने जाएं। इस अवसर पर भाजपा सीही मंडल के जिला उपाध्यक्ष वजीर सिंह डागर, आरडब्ल्यूए कंनफरडेशन के अध्यक्ष एडवोकेट एन के गर्ग, मंडल अध्यक्ष नीरज मित्तल, महामंत्री महेश कुमार, जिला सचिव मुकेश अग्रवाल, विधानसभा प्रभारी प्रकाश वीर नागर, संयोजक विधानसभा अजीत नंबरदार, आरडब्ल्यूए के अरुण चौहान



इसके अलावा प्रभा सोलंकी महिला मोर्चे की मंडल अध्यक्ष, नीलम चौधरी कार्यकारी सदस्य, नीलम तेवतिया जिला उपाध्यक्ष सहित रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी धार्मिक संगठनों से जुड़े कार्यकर्ता और फरीदाबाद के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# जिले में 71 उम्मीदवारों के नामांकन सही पाए जाने पर मंजूर, 19 के रद्द

**Faridabad/Alive News**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि विधानसभा चुनाव लड़ने वाले 71 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र सही मिले। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि आज शुक्रवार को सभी विधानसभाओं में स्क्रूटनिगं के दौरान 19 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र रद्द हुए हैं।

85- पृथला विधान सभा से कुल 15 प्रत्याशी के नामांकन मंजूर हुए है और चार प्रतियाशियों के नामांकन रद्द हुए। राज्य एवं राष्ट्रीय दल - आम आदमी पार्टी से कौशल शर्मा, बहुजन समाज पार्टी से सुरेंद्र, इंडियन नेशनल कांग्रेस से रघुवीर सिंह तेवतिया, भारतीय जनता पार्टी से टेकचंद शर्मा तथा अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दल - आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) से गिर्राज, समता पार्टी से मुकेश और निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर नीतू मान, जितेंदर कुमार, राजेश कुमार, नयन पाल रावत, बिजेंद्र सिंह, समय सिंह, दीपक डागर, अबदुत नाथ, राहुल का नामांकन पत्र सही पाए जाने पर मंजूर हुआ है।

86- एनआईटी फरीदाबाद विधान सभा से कुल 15 प्रत्याशी के नामांकन मंजूर हुए है और दो प्रतियाशियों के नामांकन रद्द हुए।

**राज्य एवं राष्ट्रीय दल :** इंडियन नेशनल लोकदल से नागेन्द्र भड़ाना, जननायक जनता पार्टी से हाजी करामत अली, इंडियन नेशनल कांग्रेस से नीरज शर्मा, आम आदमी पार्टी से रवि डागर, भारतीय जनता पार्टी से सतीश कुमार फागना और अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दल - पोलिटिकल टीम इंडिया से धीरज कुमार, अखिल भारतीय किसान मजदूर पार्टी से मनीष, राष्ट्रीय लोकस्वराज पार्टी से राम प्रताप गौड़, राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी (सत्य) से विनोद सिंह तथा निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर जितेंदर कुमार, मनवीर सिंह भड़ाना, रजत भड़ाना, रविंद्र गुप्ता, राजकुमार और रंजोत का नामांकन पत्र सही पाए जाने पर मंजूर हुआ है।

87- बड़खल विधान सभा से कुल 09 प्रत्याशी के नामांकन मंजूर हुए है और सात प्रतियाशियों के नामांकन रद्द हुए। राज्य एवं राष्ट्रीय दल - जननायक जनता पार्टी से परविंदर सिंह, आम आदमी पार्टी ओम प्रकाश वर्मा, भारतीय जनता आरती से दिनेश अदलखा, इंडियन नेशनल कांग्रेस से विजय प्रताप, बहुजन समाज पार्टी से मनोज चौधरी, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से कमल बाली, बुलंद भारत पार्टी से प्रेमचंद गौड़ निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर बलकीर अख्तर, आबिद खान का नामांकन पत्र सही पाए जाने पर मंजूर हुआ है।

इसी तरह 88- बल्लभगढ़ विधान सभा से कुल 10 प्रत्याशी के नामांकन मंजूर हुए है और 01 प्रतियाशियों का नामांकन रद्द हुआ है। राज्य एवं राष्ट्रीय दल - इंडियन नेशनल कांग्रेस से पराग शर्मा, भारतीय जनता पार्टी से मूलचंद शर्मा, आम आदमी पार्टी से रविंद्र फौजदार, अखिल भारतीय किसान मजदुर पार्टी से अतुल तथा निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर वंदना सिंह, नवीन शर्मा, अधिवक्ता ब्रह्मा प्रकाश, शारदा राठौर, राव राम कुमार, दीपक यादव का नामांकन पत्र सही पाए जाने पर मंजूर हुआ है।

इसी प्रकार 89- फरीदाबाद विधान सभा से कुल 09 प्रत्याशी के नामांकन मंजूर हुए है और तीन प्रतियाशियों के नामांकन रद्द हुए। जिसमें राज्य एवं राष्ट्रीय दल - इंडियन नेशनल लोकदल से नरेंद्र पाल सिंह बघेल, आम आदमी पार्टी से प्रवेश मेहता, इंडियन नेशनल कांग्रेस से लखन सिंगला, भारतीय जनता पार्टी से विपुल गोयल और अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दल - आजाद समाज पार्टी से निशा वाल्मीकि तथा निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर आदर्श बाल्याण, मनोज दुरेजा, राकेश कपिल डागर, विजय कृष्ण का नामांकन पत्र सही पाए जाने पर मंजूर हुआ है।

इसी प्रकार इसी प्रकार 90- तिगांव विधान सभा से कुल 13 प्रत्याशी के नामांकन मंजूर हुए है और 02 प्रतियाशियों के नामांकन रद्द हुए। जिसमें राज्य एवं राष्ट्रीय दल :आम आदमी पार्टी से आभास चन्देला, जननायक जनता पार्टी से टीका राम, भारतीय जनता पार्टी से राजेश नागर, इंडियन नेशनल कांग्रेस से रोहित नागर, बहुजन समाज पार्टी से लाल चंद शर्मा और अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दल - अखिल भारतीय मानवतावदी पार्टी से राम बहादुर, किसान संघर्ष मजदुर पार्टी से बाबा शिव नारायण दुबे, समता पार्टी से सोमेश्वर सिंह और निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर गिर्राज शर्मा, ललित नागर, पंडित सुबाष चंद दुबे गोरखपुरी, ललित नागर, संदीप मेहता का नामांकन पत्र सही पाए जाने पर मंजूर हुआ है।




# भाजपा प्रत्याशी राजेश नागर के साथ पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने तिगांव मुख्य बाजार में किया डोर टू डोर कैंपेन

**Faridabad/Alive News**

पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने आज तिगांव विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राजेश नागर ने आज तिगांव के मुख्य बाजार में डोर टू डोर कैंपेन किया। उन्होंने हर दुकानदार को कनेक्ट किया वहीं भारी बारिश के बावजूद बाजार भी उनके साथ खड़ा दिखाई दिया। गोयल स्वयं भी फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी हैं लेकिन अपने मित्र राजेश नागर के पक्ष में वोट मांगने यहां पहुंचे हैं।

विपुल गोयल ने दुकानदारों से कहा कि सबका साथ सबका विकास भाजपा का मूलमंत्र है। हम अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक विकास ले जाने के लिए संकल्पित हैं। आप राजेश नागर को दोबारा विधायक बनाकर विधानसभा भेजेंगे तो प्रदेश में तीसरी बार बनने वाली भाजपा सरकार और विकास करेगी।

दुकानदारों ने कहा कि भाई राजेश नागर हमारे साथी हैं। वह हमारे हर सुख दुख में साथ खड़े रहे हैं, हम भी उनके हर सुख दुख में साथ खड़े हैं और उन्हें इस बार पहले से भी ज्यादा अंतर के साथ जिताकर विधानसभा भेजेंगे। विधायक राजेश नागर अपने साथियों के साथ आज तिगांव के मुख्य



बाजार से निकले और हर दुकानदार से बात की। उन्होंने लोगों का हाल-चाल पूछ और विकास की डोर को हाथ से ना छुटने देने की अपील की। उन्होंने कहा कि मैंने आपके लिए हर संभव प्रयास किया है और आगे भी करता रहूंगा। बस आपका आशीर्वाद पहले की तरह मिलता रहे। राजेश नागर ने कहा कि मैं आज ही आपके बीच में नहीं आया हूं बल्कि मैं पिछले दशकों से आपके बीच में रहा हूं और आपके हर दुख तकलीफ को मैंने सुना है। मैंने क्षेत्र की हर समस्या को सीएम साहब के सामने रखा और उन्हें मन। इस बात को खुद पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल कह कर गए हैं। जब वह मेरे नामांकन में आए तो उन्होंने कहा कि राजेश नागर की तरह विकास के प्रति दीवानगी मैंने दूसरे विधायक में नहीं देखी। आप लोगों के लिए इससे बड़ा सबूत और क्या हो सकता है।

नागर ने कहा कि आज तिगांव विधानसभा क्षेत्र में सैकड़ो करोड रुपए के विकास कार्य चल रहे हैं। हमारी सरकार ने ऐसी सड़कों तक भी विकास पहुंचाया जहां पर दशकों से नहीं पहुंचा था। मैं आपसे केवल इतना कहना चाहता हूं कि आप विकास की डोर को हाथ से छूटने नहीं देना और तीसरी बार भाजपा की सरकार हरियाणा में बनानी है, डबल इंजन की सरकार बनानी है। जिससे कि विकास तेज गति से चलता रहे।

नागर ने कहा कि क्षेत्र में विकास की बहुत जरूरत है। अभी बहुत विकास कराया जाना है।

Printed, Published & Owned By : Tilak Raj and Printed at The M/s AGS Publication, D-67, Sector-6, Noida, U.P. -201301, From 547, Nangla Enclave, Part-1, N.I.T., Faridabad(Hr.), Editor : Tilak Raj, Ph : 0129-4070270, 9891639448